▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 126
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शुक्रवार 20 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

बीफ न्यूज

आजम को राहत, ईडी की याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सपा नेता आजम खान को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी राहत देते हुए उनकी



अंतरिम जमानत रद्द करने की ईडी की याचिका खारिज कर दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजम को अंतरिम जमानत दी थी, जिसे चुनौती दी,बेंच ने दखल देने से इनकार कर दिया कि यह अंतरिम जमानत है। इसका अंतिम नतीजे पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

भाखड़ा नहर पर पुल ढहा दो ट्रक गिरे, लगी आग

पटियाला। संगरूर बाईपास पर पसियाना गांव के पास भाखड़ा नहर पर बना लोहे का पुल



अचानक ढह गया। हादसे के दौरान पुल से गुजर रहे दो ट्रक टूटे हिस्से में गिर गए। इनमें से एक ट्रक में आग लग गई, जिससे वह पूरी तरह जल गया। सुबह करीब पांच बजे हुए हादसे की सूचना पर दमकल और पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

सैफ अली खान को जान से मारने की मिली धमकी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने



आया है। इस मामले में बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के वांटेड आरोपी जीशान अख्तर का नाम सामने आ रहा है। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि धमकी उसी ने दी है या किसी अन्य व्यक्ति ने उसके नाम का इस्तेमाल किया है। इसके लिए डिजिटल सबूत तलाशे जा रहे।

राजस्थान में गलन भरी सर्दी, तापमान 10 डिग्री से नीचे

जयपुर। उत्तर भारत से चल रही सर्द हवा से राजस्थान में सर्दी तेज हो गई है। गुरुवार को सीकर, चूरू, पिलानी, फतेहपुर, अलवर, नागौर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। अचानक तापमान गिरने से इन शहरों में रात में ठिठुरन बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह में सर्दी और बढ़ सकती है। खासकर उत्तरी राजस्थान के बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर संभाग के एरिया में तापमान में गिरावट होगी, जबकि दक्षिणी राजस्थान में अपेक्षाकृत थोड़ी कम सर्दी रहेगी। पिछले 24 घंटे में सीकर के फतेहपुर में सबसे ज्यादा सर्दी रही।

» अंदर विशेष

▪ दो कारों-टेंपो की भिड़ंत, सात लोग घायल
...पढ़े पेज 2 पर

▪ एयरफोर्स के सार्जेंट की बेटी ने 3 सिल्वर जीते
...पढ़े पेज 3 पर

64 विला-कॉटेज खरीद मामले में IAS शिखर अग्रवाल की मुश्किलें बढ़ीं: हाईकोर्ट ने जांच पर रोक लगाने से किया इनकार, कहा- पहले सरकार का जवाब आने दें

जूम न्यूज »» जयपुर

64 विला-कॉटेज खरीद मामले में IAS शिखर अग्रवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राजस्थान हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) की जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने गुरुवार सुबह 10:40 बजे शिखर अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के लिए कहा है। अब 18 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। शिखर ने 17 नवंबर को अपने खिलाफ एसीबी जांच को चुनौती दी थी। इधर, एसीबी ने 18 नवंबर को IAS शिखर अग्रवाल सहित गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड (अनंता रिसॉर्ट्स) के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एसीबी ने मामले में गोयल फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मुकुंद शरण गोयल, प्रबंध निदेशक संजय गोयल और अन्य को भी आरोपी बनाया है।

एसीबी नोटिस जारी कर करेगी पूछताछ

एसीबी ने मामले में 20 विभागों से रिकॉर्ड-डॉक्यूमेंट मांगे थे। मामले की जांच एएसपी प्रशांत कौशिक को दी गई है। जांच अधिकारी जल्द पूछताछ के लिए IAS शिखर अग्रवाल सहित अनंता रिसॉर्ट्स के निदेशकों संजय गोयल और मुकुंद शरण गोयल को नोटिस जारी करेंगे। शिखर और प्रशाखा को उनके पदों से हटाकर एपीओ कर दिया गया। इसके बाद 31 अक्टूबर को एसीबी ने शिखर अग्रवाल के खिलाफ पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसीबी की जांच में चौंकाने वाला नया खुलासा हुआ था कि 35 दिन पहले ही शिखर अग्रवाल ने जयपुर के अनंता रिसॉर्ट में दोनों बेटों के नाम 24 विला 11-11 लाख रुपए में खरीदे थे। जबकि कंपनी के ब्रोशर में कीमत 59-59 लाख रुपए है।





विला-कॉटेज की कीमतों पर उठे सवाल

एसीबी की प्राथमिक जांच में सामने आया कि 3 अक्टूबर 2023 को उदयपुर के बुझड़ा स्थित अनंता रिसॉर्ट में शिखर अग्रवाल और उनकी पत्नी के नाम पर 10-10 विला खरीदे गए। कुल 20 विला की कीमत 15-15 लाख रुपए बताई गई। उसी दिन इन विला को परपेचुअल लीज डीड के जरिए रेवेन्यू शेयरिंग के लिए कंपनी को वापस सौंप दिया गया। इसके बाद इस साल 27 मार्च को अलवर के अजबगढ़ स्थित अनंता रिसॉर्ट में 20 और विला खरीदे गए। ये विला अग्रवाल, उनकी पत्नी, बेटों और सास-ससुर के नाम पर 14 लाख से 16.5 लाख रुपए प्रति विला की दर से खरीदे गए। जांच के अनुसार- यह कीमत डीएलसी दर से 3.5 लाख से 4.5 लाख रुपए कम थी, जबकि इसी रिसॉर्ट में अन्य खरीदारों को डीएलसी दर से करीब 6 लाख रुपए अधिक कीमत पर विला बेचे गए। ACB का आरोप है कि इस व्यवस्था से कंपनी को करीब 2 करोड़ रुपए का अनुचित लाभ पहुंचा।

दिल्ली में फिक्की के 100वें स्थापना दिवस पर पीएम मोदी की उद्योगपतियो से दो टूक

कॉरपोरेट टैक्स घटाया, आयकर में राहत दी फिर कर्मचारियों का वेतन क्यों नहीं बढ़ाया?

हमारा घरेलू बाजार हमारा कंफर्ट जोन नहीं होना चाहिए, उद्योग जगत को अपना नजरिया बदलना होगा क्योंकि देशवासियों को गुणवत्ता चाहिए



नरेंद्र मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के बड़े उद्योगपतियों को फटकार लगाते हुए सवाल किया कि सरकार ने 2019 में कॉरपोरेट टैक्स 30% से घटाकर 22% किया, 12 लाख रुपए तक की सालाना आय को टैक्स मुक्त किया, लेकिन क्या कंपनियों ने कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाई? क्या रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में इजाफा किया? उन्होंने उद्योग जगत के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या कंपनियां केवल सरकार से राहत की उम्मीद करती रहेंगी।

गांधीजी बोलकर गए, स्वदेशी अपनाओ:मेरी मत मानिए, गांधीजी की तो सुनिए; आत्मनिर्भरता का महत्व क्यों याद दिलाना पड़ रहा है



पीएम मोदी को सुनते हुए उद्योगपति

140 करोड़ भारतीय बेहतर क्वालिटी के हकदार

प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से 140 करोड़ भारतीयों को हल्के में न लेने और उन्हें अपना तय ग्राहक मानकर चलने की सोच बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि कंपनियों को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि उनके उत्पादों को भारतीय बाजार में खरीदार मिल ही जाएंगे। इसके बजाय उन्हें उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरें।

100 साल इंतजार करने के बजाय अगले 10 साल की सोचें

मोदी ने कहा कि देश के विकास के लिए 100 साल इंतजार करने के बजाय यह सोचना चाहिए कि अगले 10 वर्षों में देश के लिए क्या योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने उद्योगपतियों से बिना झिझक अपनी समस्याएं बताने को कहा।

वैश्विक कृषि निर्यात में जताई चिंता

प्रधानमंत्री ने वैश्विक कृषि निर्यात में भारत की 2 से 2.5 फीसदी हिस्सेदारी पर चिंता जताई। उन्होंने कंपनियों से कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत के कृषि और खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की हिस्सेदारी 13 फीसदी से बढ़कर 20 फीसदी से अधिक हो पाई है।

सीईओ का वेतन बढ़ा, युवाओं की तनख्वाह महंगाई से भी पीछे: पई

इन्फोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी और निवेशक मोहनदास पई ने पीएम मोदी की उद्योग जगत से पूछे गए सवालों की सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कई कंपनियों ने सीईओ और निदेशक मंडल के सदस्यों के वेतन में भारी बढ़ोतरी की है।

सोनिया ने इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार समारोह में ग्रासा माशेल के योगदान को सराहा, पुरस्कार से नवाजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित जवाहर भवन में आयोजित इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने मोजाम्बिक की प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री ग्रासा माशेल के लंबे सामाजिक और मानवीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा, समानता और शांति के मूल्यों का सशक्त उदाहरण है। ये वही आदर्श हैं, जिन्हें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में सर्वोच्च महत्व दिया था। समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व विदेश सचिव शिवशंकर मेनन सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सोनिया गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि इंदिरा गांधी विकास के नजरिए से देखती थीं।



मोजाम्बिक के स्वतंत्रता आंदोलन से वैश्विक सामाजिक अभियान तक का सफर

ग्रासा माशेल के जीवन और संघर्ष का उल्लेख करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि वर्ष 1945 में ग्रामीण मोजाम्बिक में जन्मीं ग्रासा माशेल वर्ष 1973 में अपने देश लौटीं और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े संगठन फ्रेलिमो में शामिल होकर स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षिका के रूप में काम किया। वर्ष 1975 में मोजाम्बिक की आजादी के बाद वह देश की पहली शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री बनीं। बताया कि शिक्षा मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में स्कूली शिक्षा में भागीदारी का स्तर लड़कों में 40 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक और लड़कियों में 75 प्रतिशत तक पहुंच गया। उनके लिए शिक्षा केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं थी, बल्कि नई पीढ़ी को अपना भविष्य स्वयं तय करने और बेहतर समाज के निर्माण का अवसर देने का माध्यम थी।

युद्ध में बच्चों की पीड़ा को वैश्विक मंच पर उठाया

सोनिया गांधी ने कहा कि ग्रासा माशेल का मानवीय सरोकार मोजाम्बिक तक सीमित नहीं रहा। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र के लिए तैयार उनकी ऐतिहासिक रिपोर्ट 'द इम्पैक्ट ऑफ आर्म्ड कॉनफ्लिक्ट ऑन चिल्ड्रेन' ने सशस्त्र संघर्षों के दौरान बच्चों पर पड़ने वाले विनाशकारी प्रभावों को दुनिया के सामने रखा। इस रिपोर्ट ने संयुक्त को दृष्टिकोण में बदलाव के लिए प्रेरित किया।

पाकिस्तान ने की पुष्टि, एससीओ सभ्यतागत संवाद के लिए संस्कृति मंत्री नहीं पर्यावरण मंत्री भारत जाएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि 20 से 22 नवंबर तक नई दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभ्यतागत संवाद में उसके राष्ट्रीय धरोहर और संस्कृति मंत्री औरंगजेब खान खीची नहीं बल्कि पर्यावरण समन्वय मंत्री मुसादिक मसूद मलिक भाग लेंगे। भारत ने इस वैश्विक स्तर के आयोजन के लिए हालांकि पड़ोसी दुश्मन देश के संस्कृति मंत्री को आमंत्रित किया था। यहां बता दें कि बीते तीन वर्षों के बाद की जा रही किसी पाकिस्तानी मंत्री की पहली भारत होगी। पूर्व में साल 2023 में गोवा में हुए संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत की यात्रा की थी। दूसरे नजरिए से देखें तो पर्यावरण मंत्री मलिक की भारत यात्रा पिछले साल हमले के जवाब के बाद हो रही।

हरियाणा के नगर निकायों में बनेंगी स्मार्ट रोड, आधुनिक डिजाइन में विकसित होंगे कम्युनिटी सेंटर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के शहरों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अब कम्युनिटी सेंटर आधुनिक और एकरूप डिजाइन में विकसित किए जाएंगे, वहीं सड़कों को भी स्मार्ट रोड के रूप में विकसित कर शहरी सुविधाओं को नई पहचान दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस संबंध में वीरवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर कम्युनिटी सेंटरों के स्टैंडर्ड डिजाइन तथा स्मार्ट रोड परियोजनाओं को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के सभी 87 नगर निकायों में स्मार्ट रोड विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 11 नगर निकायों में स्मार्ट रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

ईपीएफओ ने बदले नियम: नौकरीपेशा लोगों को मिली राहत

नौकरी छूटने के 2 महीने बाद निकाल सकेंगे पूरा पीएफ न्यूनतम बैलेंस की सीमा 25 से घटाकर 10 फीसदी की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ निकासी के नियमों में बड़े बदलावों को मंजूरी देकर नौकरीपेशा लोगों को राहत दी है। अब नौकरी छूटने के बाद कर्मचारियों को पूरा पीएफ निकालने के लिए 12 महीने के बजाए केवल दो महीने इंतजार करना होगा। इसके अलावा, पीएफ खाते में अनिवार्य न्यूनतम बैलेंस की सीमा भी 25 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दी गई है। इससे जरूरत पड़ने पर कर्मचारी पहले की तुलना में अधिक रकम निकाल सकेंगे। नए बदलाव के तहत अब 90% पैसा तुरंत निकाल सकेंगे।

अच्छी खबर



दो महीने में लागू हो सकती है व्यवस्था

नई व्यवस्था करीब दो महीने में लागू होने की संभावना है। इसके लिए कर्मचारी भविष्य निधि योजना में जरूरी संशोधन किए जाएंगे। सदस्य चाहें तो बीच में इस योजना से बाहर निकलकर बची हुई पूरी रकम एक साथ निकाल सकेंगे। किस्तें मिलते समय सदस्य की मृत्यु होने पर जीवनसाथी या नामित व्यक्ति भी निर्धारित नियमों के तहत शेष राशि प्राप्त कर सकेगा।

चीन और जापान ने भी अपने मुकबाले जीते

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026

भारत ने मलेशिया को 4-1 से हराकर किया जीत से आगाज



एजेंसी ⏭ भोपाल

राजधानी के बरखेड़ा नाथू स्टेडियम में महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में मेजबान भारतीय टीम ने जीत के साथ अपने अभियान का शानदार आगाज किया। करीब 5 हजार दर्शकों से भरे स्टेडियम में भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को 4-1 से शिकस्त दी। भारत के अलावा चीन और जापान ने विजयी शुरुआत की।

भारतीय टीम ने 13 में से 3 पेनल्टी कॉर्नर गोल में बदले

भारत ने पूरे मुकाबले में 13 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जिनमें से तीन को गोल में बदला। टीम ने एक फील्ड गोल भी किया। कप्तान सलीमा ने कहा कि हमने अपनी ओर से बेस्ट किया। प्लेयर ऑफ द मैच पूजा साहू रहीं। यह इनका डेब्यू मैच था।

छोटी सजा पर कर्मचारी को प्रमोशन से इनकार नहीं कर सकते: कोर्ट

जूम न्यूज »» जयपुर

हाईकोर्ट की फुल बेंच ने सरकारी सेवा में कर्मचारियों की पदोन्नति से जुड़े मामले में कहा है कि सिविल सेवा नियम के तहत कर्मचारी की सात सालों में एक वेतन वृद्धि रोकने जैसी छोटी सजा पाने वाले कर्मचारी को प्रमोशन से मना नहीं किया जा सकता। सीजे संजय के.अग्रवाल की अगुवाई वाली फुल बेंच ने यह आदेश दिया। बेंच ने कहा कि कार्यपालिका के परिपत्र केवल नियमों के खालीपन को भर सकते हैं, लेकिन वैधानिक नियमों में बदलाव नहीं कर सकते। पुलिस निरीक्षक अजयकांत रतूड़ी 2013 में निरीक्षक बने।

संजना जाटव, दिव्या मदेरणा को राष्ट्रीय सचिव पद से हटाया: राजस्थान कांग्रेस के तीनों सह-प्रभारी हटाए

▪ चार नए सह-प्रभारी सचिव लगाए

जूम न्यूज »» जयपुर

राजस्थान कांग्रेस के तीनों सह-प्रभारी सचिवों को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह चार नेताओं को राजस्थान में सह-प्रभारी सचिव लगाया गया है। राजस्थान के 6 नेताओं को राष्ट्रीय सचिव बनाया है, जबकि सांसद संजना जाटव, दिव्या मदेरणा सहित तीन नेताओं को पद से हटाया है। राजस्थान कांग्रेस के सह-प्रभारी सचिव चिरंजीव राव, ऋतिक मकवाना और पूनम पासवान को राष्ट्रीय सचिव व सह-प्रभारी पद से हटा दिया है। राजस्थान में चार राष्ट्रीय सचिवों को सह-प्रभारी लगाया है। कांग्रेस नेता विश्व विजय सिंह, पलक वर्मा, मनोज बागड़ी और पोरलक खारते को राजस्थान के सह-प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी दी है।



प्रदेश से 6 राष्ट्रीय सचिव

राजस्थान से 6 नेताओं को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। सेवा दल के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, विधायक डूंगर राम गेदर, पूर्व विधायक धीरज गुर्जर, दानिश अबरार, जगदीश जांगिड़ और रेहाना रियाज को राष्ट्रीय सचिव बनाकर राज्यों में सह-प्रभारी बनाया है। हेम सिंह शेखावत और डूंगर राम गेदर को पहली बार जिम्मेदारी दी गई है।

सांसद संजना जाटव, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा और विजय जांगिड़ को राष्ट्रीय सचिव पद से हटा दिया है। दिव्या मदरेणा के पास जम्मू-कश्मीर के सह-प्रभारी सचिव की जिम्मेदार थी। इस बदलाव को लेकर सियासी हलकों में चर्चा हो रही है।

योगी सरकार ने यूपी में कानून व्यवस्था मजबूत कर विकास को दी नई दिशाः मदन राठौड़

राखी राठौड़ बोलीं- कांग्रेस के समय 'मर्दों का प्रदेश' कहलाने वाला राजस्थान आज 'महिला शक्ति का प्रदेश' बनकर उभरा, 'सशक्त महिलाओं के प्रदेश' से यूपी चुनाव के लिए टोली रवाना



जूम न्यूज »» जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की ओर से जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थान से भाजपा महिला मोर्चा की 50 महिला कार्यकर्ताओं का दल गुरुवार को उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ विकास को नई दिशा दी है। सुरक्षा, आधारभूत ढांचे, औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में प्रदेश में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। मदन राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक थी, लेकिन योगी सरकार ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर कानून का भय स्थापित किया है। आज महिलाएं अधिक सुरक्षित वातावरण में जीवन जी रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान से रवाना हुई महिला कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश में प्रवास कर योगी सरकार के विकास कार्यों, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को अवगत कराएंगी। उन्होंने सभी बहनों को इस संगठनात्मक दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि राजस्थान ने एक बड़ा बदलाव देखा है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजस्थान को 'मर्दों का प्रदेश' कहकर संबोधित करते थे, लेकिन आज भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार में राजस्थान 'महिला शक्ति के प्रदेश' के रूप में स्थापित हुआ है। यह बदलाव महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की इसी बदली हुई पहचान का प्रतीक है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से सबसे पहले महिला कार्यकर्ताओं की टोली रवाना हो रही है। 50 महिला कार्यकर्ताओं का यह दल सात दिनों तक उत्तर प्रदेश में प्रवास करेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में जाकर आमजन, विशेषकर महिलाओं और युवाओं से संवाद करेगा तथा भाजपा की विचारधारा, नीतियों और सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा।

राठौड़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी वर्ष 2017 से पहले महिला सुरक्षा एक बड़ी चुनौती थी। उस समय महिलाएं शाम के वक्त घर से बाहर निकलने में असुरक्षित महसूस करती थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और बेहतर कानून व्यवस्था से प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा के क्षेत्र में आए बदलाव से प्रेरित होकर राजस्थान की बहनों ने भी बढ़-चढ़कर चुनावी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया है। भाजपा का विश्वास है कि सुरक्षित और सशक्त महिला ही विकसित समाज की आधारशिला है। राजस्थान की महिला कार्यकर्ता पूरे उत्साह, समर्पण और संगठनात्मक प्रतिबद्धता के साथ उत्तर प्रदेश में पार्टी की विचारधारा और सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना, मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह, कार्यालय सचिव मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ , मूर्ति मीना सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



ब्रीफ न्यूज

कोटा में सौ किलो पनीर नष्ट करवाया:बाइक पर नीले ड्रम में रखा था पनीर, मिठाईयों के नमूने लिए



जूम न्यूज »» कोटा

कोटा के गुमानपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए बाइक पर ले जाया जा रहा करीब 100 किलो पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया। सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर नीले रंग के ड्रम में संदिग्ध पनीर रखकर बेचने के लिए गुमानपुरा की तरफ आ रहा है। टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध बाइक सवार को रोका। जांच के दौरान पनीर की गुणवत्ता खराब नजर आई। पूछताछ में पनीर निर्माता ने खुद स्वीकार किया कि पनीर में फैट की मात्रा कम है। उसने बताया कि वह स्टेशन क्षेत्र स्थित रंगपुर रोड पर पूजा डेयरी के नाम से यह काम करता है। टीम ने मौके से सैंपल लेने के बाद पूरा 100 किलो पनीर नष्ट करवा दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने गुमानपुरा स्थित नारायण स्वीट्स से बीकाजी ब्रांड के चार उत्पादों—राजभोग मिठाई, गुलाब जामुन, सोनपापड़ी और नमकीन के नमूने लिए। सभी सैंपलों को जांच के लिए कोटा स्थित लैब भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद एफएसएसएआई एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक दुकानों निरीक्षण भी किया। कई दुकानों पर साफ-सफाई के हालात बेहद खराब मिले। संचालकों ने दुकान में प्रमुख स्थान पर फूड लाइसेंस प्रदर्शित नहीं कर रखा था और न ही उनके पास मेडिकल व पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट मौजूद थे।

कोटा में सूने मकान से डेढ़ लाख की चोरी: परिवार महिला संगीत में गया था

जूम न्यूज »» कोटा

कोटा के कैथूनीपोल थाना क्षेत्र स्थित साबरमती कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। बदमाश दीवार फांद कर अंदर घुसे। चोर सोने-चांदी के गहने चोरी करके फरार हो गए। घटना के समय पीड़ित परिवार रिश्तेदार के यहां महिला संगीत में शामिल होने गया था। सुबह लौटा तो घर में कमरे के ताले टूटे मिले। सूचना पर कैथूनीपोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के लिए FSL टीम को बुलाया गया। जगदीश ढागी ने बताया- मेरी सास साबरमती कॉलोनी हरिजन बस्ती में रहती है। मकान में साडू साली भी रहते हैं।



बुधवार रात 9 बजे करीब सभी लोग केशवपुरा इलाके में रिश्तेदार के यहां महिला संगीत में शामिल होने गए थे। रात को वहीं रुके। गुरुवार सुबह 6 बजे वापस घर लौटे। मकान के बाहर का मेन पर ताला लगा था। अंदर जाकर देखा तो तीन कमरों के ताले टूटे हुए थे। कमरों में सामान बिखरा हुआ था। सोने के ताबीज, चांदी के पायजेब और 70 हजार की नकदी गायब थी। चोरी की सूचना कैथूनीपोल थाने को दी। इसके बाद पुलिस व FSL की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कैथूनीपोल थाना ASI गिरिराज प्रसाद ने बताया- मकान में चोरी की शिकायत मिली है। जिस पर मामला दर्ज किया है।

राणासर के पास दो कारों-टेंपो की भिड़ंत, सात लोग घायल



जूम न्यूज »» सरदारशहर

रतनगढ़ मेगा हाईवे पर राणासर और टोल प्लाजा के बीच गुरुवार को दो कारों और एक टेंपो की भिड़ंत हो गई। हादसे में सात लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर घायलों को एंबुलेंस की मदद से राजकीय उप जिला अस्पताल, सरदारशहर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही पार्षद सुनील कुमार मीणा ने तत्परता दिखाते हुए करीब 10 मिनट के भीतर अपनी एंबुलेंस मौके पर भिजवाई। इसके बाद 108 एंबुलेंस भी पहुंच गई। दोनों एंबुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना में सरदारशहर निवासी प्रकाश सोनी (35), हरि सोनी (43), प्रेमलता सोनी (55) और सीमा सोनी (53) घायल हुए हैं। वहीं हनुमानगढ़ निवासी रविंद्र बेनीवाल और मंजू स्वामी के साथ टेंपो चालक विजय मीणा भी घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने के लिए पार्षद सुनील मीणा की ओर से तुरंत एंबुलेंस भेजने की पहल की सराहना की जा रही है।

खाटूश्यामजी में रात ढाई बजे तक हुई आतिशबाजी: बाबा श्याम के जन्मोत्सव से पहले जमकर चले पटाखे

जूम न्यूज »» सीकर

सीकर जिले में धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के जन्मोत्सव से पहले गुरुवार रात तोरण द्वार पर जमकर आतिशबाजी हुई। लोगों ने पटाखे जलाकर रात ढाई बजे तक जश्न मनाया। तोरण द्वार पर संभावित आतिशबाजी को देखते हुए पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग की गई थी। यहां पुलिस जवान और निजी सुरक्षाकर्मी भी तैनात थे। बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। एकादशी पर बाबा को छप्पन भोग लगाया जाएगा। भक्त केक का भोग भी अर्पित करेंगे। बाबा श्याम के जन्मोत्सव के चलते मंदिर पूरी रात दर्शनों के लिए खुला रहेगा। शनिवार और रविवार को वीकेंड के चलते लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। भीड़ को देखते हुए इन दोनों दिन मंदिर रातभर खुला रखा जा सकता है।





वृंदावन थीम पर सजा मंदिर, 3 हजार सुरक्षाकर्मी तैनातः जन्मोत्सव के लिए इस बार मंदिर को वृंदावन थीम पर सजाया गया है। सजावट में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके विभिन्न अवतारों को दर्शाया गया है। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा में करीब 3 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

सीकर में नाबालिग से कुकर्म के आरोपी को सजा सुनाई

20 साल कारावास और 50 हजार जुर्माना लगाया

जूम न्यूज »» सीकर



सीकर की पॉक्सो कोर्ट 2 के द्वारा 10 साल के नाबालिग लड़के से कुकर्म के मामले में आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जस्टिस शंकरलाल मारू के द्वारा सजाई सुनाई गई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक नागरमल कुमावत ने बताया कि 21 जून को 10 साल के नाबालिग लड़के की मां ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में मां ने बताया कि नाबालिग शाम को खेल रहा था। इसी दौरान एक आरोपी उसे आइसक्रीम खिलाने और दोस्ती करने के बहाने जंगल की तरफ लेकर गया। वहां पर उसके साथ कुकर्म किया। पड़ोस में रहने वाली महिला ने आरोपी युवक के द्वारा नाबालिग को ले जाते हुए देख लिया था। इसकी जानकारी नाबालिग के घर पर दी। जब वह लोग जंगल में पहुंचे तो आरोपी और नाबालिग वहां पर नहीं मिला। उसके बाद नाबालिग मिला तो उसने बताया कि आरोपी के द्वारा उसके साथ गलत काम किया गया।

पीड़ित को 1 लाख रुपए देने की अनुशंसा

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में चालान पेश किया। मामले में 12 गवाह और 20 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए गए। जिसके आधार पर कोर्ट के द्वारा आरोपी युवक को 20 साल के कठोर कारावास और 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही पीड़ित को पीड़ित प्रतिकर स्कीम से 1 लाख रुपए देने की अनुशंसा की है।

सरदारशहर में सड़कों से हटाए 100 नंदी, नंदीशालाओं में पहुंचाया

जूम न्यूज »» सरदारशहर

शहर की सड़कों और बाजारों में विचरण करने वाले निराश्रित गौवंश की समस्या से राहत दिलाने और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए नगरपरिषद ने श्री गौशाला समिति के सहयोग से विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों और चौराहों से 100 नंदियों को पकड़कर सुरक्षित रूप से नंदीशालाओं में पहुंचाया गया।

नगरपरिषद क्षेत्र से पकड़े गए नंदियों में से 13 को बीकानेर रोड स्थित श्री गौशाला समिति की नंदीशाला में भेजा गया, जबकि शेष 87 नंदियों को पंचायत एवं ब्लॉक स्तरीय नंदीशालाओं में सुपुर्द किया गया। अभियान में नगरपरिषद कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। गौरतलब है कि मुख्य बाजारों और सड़कों पर निराश्रित गौवंश के जमावड़े से यातायात बाधित होने के साथ वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती है। वहीं सड़क पर विचरण करने वाले गौवंश के भी दुर्घटनाओं की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। ऐसे में इस अभियान को यातायात व्यवस्था सुधारने और गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

नगरपरिषद सभापति श्रीमती अनिता राकेश टाक ने अभियान में सहयोग के लिए श्री गौशाला समिति के ट्रस्टी जगदीशप्रसाद जैसनसरिया, अध्यक्ष गिरधारीलाल पारीक, मंत्री सुरेंद्र जम्मड सहित समिति के सभी पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरदारशहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना नगरपरिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने शहरवासियों से अपने पालतू गौवंश को सड़कों पर खुला नहीं छोड़ने और शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोग करने की अपील की।



4 दिसंबर से लोकमंथन-2026: 'हम भारत के लोग' रहेगी थीम; सीएम ने किया भूमि-पूजन





जूम न्यूज ››› जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के जवाहर कला केंद्र में तीन दिवसीय लोकमंथन-2026 का गुरुवार को विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सीएम ने हवन में पूर्णाहुति अर्पित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी आदि मौजूद रहे। 'हम भारत के लोग' थीम पर आधारित लोकमंथन का आयोजन 4 से 6 दिसंबर तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल ने जवाहर कला केंद्र में लोकमंथन-2026 की स्वागत समिति की बैठक को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की गौरवशाली धरा पर लोकमंथन-2026 का आयोजन होना प्रदेश के लिए बड़े गौरव और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपनी ऐतिहासिक विरासत, लोक कलाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता के लिए देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान रखता है। इस बार लोकमंथन की थीम 'हम भारत के लोग' है। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, सभ्यता, परंपराओं और राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक विमर्श करना है। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले विचारक, चिंतक, साहित्यकार, बुद्धिजीवी और संस्कृतिकर्मी भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना, लोकजीवन और राष्ट्रीय चिंतन के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा करेंगे।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी भूमि पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि वीरभूमि राजस्थान की गौरवशाली धरा पर भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय चिंतन और समसामयिक विषयों पर सार्थक विमर्श के उद्देश्य से लोकमंथन-2026 का आयोजन होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा- आयोजन में देशभर के विचारक, चिंतक, साहित्यकार और राष्ट्रचिंतक एकत्रित होंगे। वे भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और भविष्य की संभावनाओं पर विचार साझा करेंगे। भूमि पूजन और स्वागत समिति की बैठक के दौरान प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक और लोकमंथन स्वागत समिति के राष्ट्रीय महासचिव जे. नंदकुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक और स्वागत समिति के उपाध्यक्ष डॉ. रमेश अग्रवाल, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संयोजक शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

विद्याधर नगर को मिली 14.37 करोड़ रुपए की सौगात: रेलवे अंडरब्रिज शुरू



जूम न्यूज ››› जयपुर

विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलना शुरू हो गया है। सीतावाली फाटक पर 14.37 करोड़ रुपए की लागत से तैयार रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) का गुरुवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लोकार्पण किया। इसके शुरू होने से रेलवे फाटक बंद होने के दौरान लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। लोकार्पण समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सीतावाली फाटक पर अंडरब्रिज बनने से स्थानीय निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है और आने वाले समय में भी क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार काम जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सीवरेज का काम भी प्रगति पर है। सीतावाली फाटक पर 14.37 करोड़ रुपए की लागत से तैयार रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) का गुरुवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लोकार्पण किया। सीतावाली फाटक पर 14.37 करोड़ रुपए की लागत से तैयार रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) का गुरुवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम में दीया कुमारी ने क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए कहा कि उनकी विधानसभा क्षेत्र की जनता ही उनकी आंख और कान है। यदि कहीं भी कोई गलत काम हो रहा है या किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो इसकी जानकारी उन्हें सीधे दी जाए, ताकि समय रहते उस पर कार्रवाई की जा सके।

जयपुर में पीएचईडी के सीई सहित अफसरों की कुर्सियां कुर्क: ढोल बजाते हुए पहुंचे कोर्ट अमीन व वकील

जूम न्यूज ››› जयपुर

जलदाय विभाग मुख्यालय में गुरुवार को कार्यालय की कुर्सियां बचाने की नौबत आ गई। कोर्ट के आदेश पर अमीन और वकील ढोल बजाते हुए जल भवन पहुंचे और चीफ इंजीनियर सहित अधिकारियों के कार्यालयों की कुर्सियों की कुर्की की कार्रवाई की। चीफ इंजीनियर मुख्यालय, चीफ इंजीनियर शहरी व नॉन रेवेन्यू वाटर, एसई मटेरियल मैनेजमेंट और एक्सईएन मटेरियल मैनेजमेंट-IV के कार्यालयों को नोटिस दिया। चीफ इंजीनियर देवराज सोलंकी के कार्यालय के गेट पर नोटिस भी चस्पा किया। कोर्ट ने संबंधित पक्षों को 21 नवंबर को पेश होने के निर्देश दिए हैं। इन कुर्सियों को बेचने, स्थानांतरित करने या दूसरे को देने पर रोक लगाई है। मामले के अनुसार जालंधर की सचदेवा मेटल वर्क्स कंपनी ने 2018 से 2020 के बीच जलदाय विभाग को निर्माण संबंधी सामग्री सप्लाई की थी। नियमानुसार 45 दिन में भुगतान होना था, लेकिन रकम अटकी रही। एडवोकेट राजू अंबेडकर बताया कि मामले में एमएसईएफसी ने 28 जुलाई 2021 को ₹9.60 लाख के भुगतान का आदेश दिया था। यह राशि 30 सितंबर 2026 तक ब्याज सहित ₹24,12,801 पहुंच गई। दूसरे मामले में ₹58,958 की मूल राशि बढ़कर ₹1.51 लाख हो गई।

सरकारी हॉस्पिटल में लड़की की मौत मामले में होगी कार्रवाई

डॉक्टर व स्टाफ की जांच और आर्थिक मदद के आश्वासन के बाद परिजनों का धरना खत्म

जूम न्यूज ››› बाड़मेर



बाड़मेर के सरकारी हॉस्पिटल में 16 साल की लड़की की इंजेक्शन लगाने से मौत होने के मामले में दूसरे दिन गुरुवार को भी परिजन बायतु हॉस्पिटल के बाहर धरने पर बैठे रहे। परिजनों ने डॉक्टर और लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रशासन और परिजनों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई और आर्थिक मुआवजे के आश्वासन पर 24 घंटे बाद सहमति बनी। हॉस्पिटल इंचार्ज नरेंद्र चौधरी ने बताया- परिजनों के साथ समझाइश की गई। इसके बाद परिजन मान गए। मानवता के आधार पर आर्थिक मदद की जाएगी। परिजनों के अनुसार, तीजो(16) अपने पिता के साथ बायतु के सरकारी हॉस्पिटल में पेट पर हुई फुंसी का इलाज करवाने आई थी, जिसकी इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही मौत हो गई थी।

हॉस्पिटल में इंजेक्शन लगने में हुई थी मौत

परिजनों के अनुसार, बुधवार को बायतु चिमनजी निवासी तीजो अपने पिता कलाराम के साथ पेट पर फुंसी में दर्द होने पर इलाज के लिए बायतु उपजिला हॉस्पिटल पहुंची थी। अस्पताल में डॉक्टर ने उसकी जांच कर दवाइयां और इंजेक्शन लिखे। इसके बाद परिजन सरकारी दवा काउंटर से दवाइयां और इंजेक्शन लेकर आए। हॉस्पिटल के इंजेक्शन रूम में मौजूद नर्सिंग स्टाफ ने बच्ची को इंजेक्शन लगाया। डॉक्टर की पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) के अनुसार बालिका को सेफ्ट्रियाक्सोन (Ceftriaxone) इंजेक्शन IP 1000 mg लगाया गया था। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं। इस पर नर्सिंग स्टाफ ने डॉक्टर को सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉक्टर मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल उपचार दिया। इस दौरान बालिका को सांस लेने में परेशानी होने लगी और वह बेहोश हो गई। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में शिफ्ट कर ऑक्सीजन सपोर्ट दिया, जहां उसकी मौत हो गई।

दूसरे दिन बनी सहमति

परिजन व ग्रामीण गुरुवार को दूसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे। प्रशासन और डॉक्टरों ने परिजनों से वार्ता की। परिजन लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई और आर्थिक मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। कई दौर की बातचीत के बाद परिजन आश्वासन पर मान गए। सूचना पर बायतु तहसीलदार शंभू सिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी नवलाराम चौधरी, थानाधिकारी खेताराम बटेर, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी महिपाल सिंह सोढ़ा, डॉ. शिवराम प्रजापत, बायतु निवर्तमान प्रधान सिमरथाराम, नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि करणीपूरा और आरएलपी नेता जालाराम पालीवाल, हनुमान काकड़, सरपंच प्रतिनिधि बायतु चिमनजी, हेमजी का तला सहित जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों से समझाइश कीं।

कार को कैंपर से टक्कर मारी, फिर पाइप-सरियों से हमला: रास्ता जाम कर विरोध-प्रदर्शन

जूम न्यूज ››› जालोर

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सिरे मंदिर रोड पर गुरुवार रात कार से घर जा रहे एक युवक पर कैंपर से आए बदमाशों ने लाठी-सरियों से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाशों ने उसकी कार के शीशे भी तोड़ दिए। घायल को लोगों ने जालोर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार-सिरे मंदिर रोड स्थित दुदावा जाव गांव निवासी दिलीप माली पुत्र चौपाराम पर हमला हुआ। दिलीप गुरुवार शाम दुकान से कार लेकर घर जा रहा था। इस दौरान श्मशान भूमि के पास एक कैंपर और अन्य कार में सवार होकर आए बदमाशों ने उसकी कार को टक्कर मार दी। इसके बाद कुछ बदमाश पाइप और लोहे के सरिए लेकर नीचे उतरे और दिलीप पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए दिलीप कार से उतरकर भागने लगा, लेकिन बदमाशों ने पीछा कर उस पर लाठी-पाइप और सरियों से वार किए।

घटना से इलाके में आक्रोश फैल गया। लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर बड़ी संख्या में माली समाज के लोगों ने रात करीब 10 बजे अस्पताल चौराहे पर बैरिकेड लगाकर रास्ता जाम कर दिया। सूचना पर कोतवाली थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी ने बताया- घटना की सूचना पर पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाइश की। उन्होंने मामला दर्ज कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद लोगों ने जाम खोल दिया।

तैराकी, दौड़ और शूटिंग...एयरफोर्स के सार्जेंट की बेटी ने 3 सिल्वर जीते

जूम न्यूज ››› जैसलमेर



तैराकी, दौड़ और शूटिंग... तीन खेलों का मेल और हर स्पर्धा में पदक जीतने का जुनून। जैसलमेर के छोटे से गांव आशायच की 10 साल की डिम्पल कंवर ने यूएई में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में तीन रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। डिम्पल ने बायथल, ट्रायथल और लेजर रन में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए यह सफलता हासिल की। खास बात यह है कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए वह रोज चार घंटे अभ्यास करती है। पिता डूंगर सिंह भाटी उसे प्रैक्टिस के लिए रोज करीब 18 किलोमीटर लाते-ले जाते हैं। भारतीय वायुसेना में सार्जेंट पिता की बेटी अब ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना चाहती है। डिम्पल ग्वालियर के नंबर-1 एयरफोर्स स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ती है। उसने कक्षा 3 से स्विमिंग सीखना शुरू किया था। इसके बाद पढ़ाई के साथ खेल का अभ्यास भी जारी रखा। वह एयरफोर्स परिसर के स्विमिंग पूल के अलावा बाहर क्लब में भी अभ्यास करती है। पिछले दो साल से लगातार अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही है। साल 2025 में अहमदाबाद में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में उसने तीसरा स्थान हासिल किया था।

बकरियों के विवाद में सगे भाई की हत्या की, झाड़ियों के बीच जाकर छिपा आरोपी, गिरफ्तार

जूम न्यूज ››› बालोतरा

बकरियों पर अपना-अपना दावा करते हुए दो सगे भाइयों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर लट्ठ से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से बड़े भाई की मौत हो गई। पुलिस ने वारदात के तीसरे दिन शुक्रवार को आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया। मामला बालोतरा जिले के धोरीमन्ना के शिवनगर माणकी गांव का है। वारदात 16 नवंबर सोमवार को हुई थी।

एसपी राजेश कॉवत ने बताया- बकरियों को लेकर हुए विवाद में शिवनगर माणकी निवासी तेजाराम (38) पुत्र जगरूपाराम का मर्डर हो गया। तेजाराम के बेटे डूगराराम ने धोरीमन्ना पुलिस को 16 नवंबर को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में डूगराराम ने बताया- बकरियों पर अधिकार को लेकर पिता तेजाराम और चाचा नागजीराम के बीच विवाद चल रहा था। 16 नवंबर को दोनों में फिर विवाद हो गया। इस दौरान चाचा नागजीराम ने पिता तेजाराम पर लाठी से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से पिता लहूलुहान हो गए। चाचा फरार हो गया। गंभीर हालत में पिता को धोरीमन्ना हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डूगराराम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

वारदात स्थल से 2 किमी दूर झाड़ियों में छुपा था

एसपी राजेश कॉवत ने बताया- वारदात के बाद मामले में एएएसपी हरफूल सिंह और डीएसपी सुमेरसिंह राठौड़ के सुपरविजन में धोरीमन्ना थानाधिकारी दलपतसिह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। धोरीमन्ना थाना इलाके और आसपास के गांवों में लगातार तलाश की गई और दबिश दी गई। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि आरोपी नागजीराम माणकी गांव के नजदीक बबूल की घनी झाड़ियों में छुपा हुआ है। वारदात के बाद से वह मौकास्थल से महज 2 किलोमीटर दूर छुपा हुआ था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे डिटेन कर लिया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दोनों भाई शादीशुदा हैं। परिवारवाले हैं। पशुपालन से जुड़े हैं। दोनों के मकान कच्चे हैं। गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

खम्माघणी फिल्म फेस्टिवल में हनुमान अंश फिल्म की प्रोड्यूसर: बोलीं- फिल्म को मैंने नहीं, फिल्म ने मुझे चुना, बाबा की कृपा से मिली सफलता

जूम न्यूज ››› जयपुर



किसी फिल्म को बनाने के पीछे अक्सर एक कहानी, विचार या निर्माता का सपना होता है, लेकिन कुछ अनुभव ऐसे भी होते हैं, जिन्हें उनके रचनाकार अपनी योजना से ज्यादा किसी दैवीय प्रेरणा का परिणाम मानते हैं। फिल्म 'हनुमान अंश' की निर्माता अनुप्रिया नागर ने भी अपनी फिल्म से जुड़ने के अनुभव को कुछ इसी अंदाज में बयां किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस फिल्म को नहीं चुना, बल्कि फिल्म ने उन्हें चुना है। उनके अनुसार, यह केवल उनके प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि बाबा नीब करौरी की कृपा और हनुमान जी के आशीर्वाद से साकार हुई एक आध्यात्मिक यात्रा है। अनुप्रिया गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित खम्मा घणी जयपुर फिल्म फेस्टिवल के चौथे संस्करण के समापन दिवस पर संवाद कर रही थीं।

तीन दिवसीय युवा-उन्मुख फिल्म महोत्सव के अंतिम दिन 'हनुमान अंश' की निर्माता अनुप्रिया नागर के साथ विशेष संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार, लेखिका और वर्चुअल स्टोरीटेलर डॉ. तबीना अंजुम कुरैशी ने बातचीत का संचालन किया। इस दौरान अनुप्रिया ने अपनी शैक्षणिक यात्रा, आध्यात्मिक जिज्ञासा और फिल्म निर्माण के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि 'हनुमान अंश' से उनका जुड़ाव उनके लिए सिर्फ एक फिल्म बनाने का अवसर नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव रहा, जिसमें उन्हें आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस हुआ।

'हमने तो सिर्फ उनकी योजना को आगे बढ़ाया'

फिल्म के निर्माण से जुड़े अनुभव पर अनुप्रिया ने कहा कि कई बार जीवन में कुछ चीजें हमारी योजना के मुताबिक नहीं, बल्कि किसी बड़े उद्देश्य के तहत होती हैं। 'हनुमान अंश' के साथ उनका जुड़ाव भी ऐसा ही रहा। उन्होंने इस अनुभव को शब्द देते हुए कहा कि हनुमान अंश ने मुझे चुना है, न कि मैंने इसे। यह फिल्म मैंने नहीं बनाई, बाबा जी (नीब करौरी बाबा) ने हनुमान जी के आशीर्वाद से इसे साकार किया है। हमने तो केवल उनकी योजना को आगे बढ़ाया है। बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों के साथ यह भी साझा किया कि किसी उद्देश्य के प्रति समर्पण और विश्वास व्यक्ति की यात्रा को किस तरह दिशा दे सकता है।

जेन-जी को दी सलाह, परिवार-मूल्यों से जुड़े रहें

युवा पीढ़ी से संवाद करते हुए अनुप्रिया ने कहा कि जेन-जी को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने और सफलता हासिल करने की कोशिश के बीच परिवार और पारिवारिक मूल्यों से दूरी नहीं बनानी चाहिए। उन्होंने युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की सलाह देते हुए कहा कि मजबूत जड़ें ही व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने की ताकत देती हैं। उनके अनुसार, आधुनिक सोच और नए अवसरों को अपनाने के साथ अपने संस्कारों और परिवार से जुड़ाव बनाए रखना भी जरूरी है।

महोत्सव के समापन दिवस पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के विविध विषयों पर आधारित कुल आठ फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। स्कूलों, कॉलेजों और एनजीओ के सहयोग से बनी फिल्मों के लिए तैयार किए गए 'केजेएफएफ यूनिवर्स' खंड में चार लघु फिल्में दिखाई गईं। इनमें इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर की 'नाइट स्टे बैक', कैंब्रिज कोर्ट स्कूल, जयपुर की 'टॉक इन पिक्चर्स' और टीडीसी/आईडब्ल्यूआई एनजीओ की 'डॉक्टर साहब' शामिल रहीं। इसके अलावा राष्ट्रीय व्यावसायिक श्रेणी की तीन लघु फिल्मों 'आइबो', 'द फर्स्ट फिल्म' और 'गंगाजल' का प्रदर्शन किया गया।

'इंदिरा गांधी ने देश को विश्व पटल पर पहचान दिलवाई'



जूम न्यूज ››› जालोर

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर राजीव गांधी भवन, जालोर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुंपावत ने बताया कि कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के त्याग, समर्पण, दृढ़ नेतृत्व और देश की एकता एवं अखंडता के लिए किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने साहसिक निर्णयों और दूरदर्शी सोच से भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। देश की प्रगति, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में गिरा कर्मचारी, मौत, तराई करते समय जाली टूटने से हुआ हादसा

फलौदी की घटना: परिजनों ने शव उठाने से किया इनकार

जूम न्यूज ››› फलोदी



फलोदी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के ड्रेनेज में गिरने से कर्मचारी की मौत हो गई। युवक प्लांट में तराई का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक जाली टूट गई और वह ड्रेनेज में गिर गया। हादसा प्लांट में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। हादसा मंडार रोड स्थित नगर परिषद के एसटीपी प्लांट का गुरुवार शाम 4 बजकर 20 मिनट का है। मृतक की पहचान पूनम चंद (22) पुत्र रमेश कुमार निवासी मालियों का वास फलौदी के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों ने कंपनी के प्रतिनिधि से बातचीत होने तक शव उठाने से इनकार कर दिया। नगर परिषद आयुक्त अनिल विश्नोई ने बताया- नगरपरिषद ने एसटीपी के संचालन का 10 साल का ठेका एमवीआर कंपनी को दे रखा है। कंपनी ने प्लांट की देखरेख के लिए कर्मचारी नियुक्त किए हैं। पूनम चंद लंबे समय से यहां काम कर रहा था। उसका चचेरा भाई जसराज माली भी प्लांट में सुपरवाइजर है।

तराई करते समय ड्रेनेज में गिरा

गुरुवार शाम काफी देर तक जब पूनम चंद नजर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई। साथी कर्मचारियों को शाम 6 बजे ड्रेनेज के ऊपर लगी जाली टूटी मिली। इसके बाद कर्मचारियों ने सीसीटीवी फुटेज देखा। जिसमें पूनम चंद पाइप से तराई करते समय जाली टूटने से ड्रेनेज में गिरता दिखा। करीब डेढ़ घंटे बाद पूनम चंद को ड्रेनेज से बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कंपनी के प्रतिनिधि से बातचीत के बाद ही शव उठाने पर अड़े परिजन हादसे की सूचना पर माली समाज के लोग भी जिला अस्पताल पहुंचे। सभापति मेघराज कल्ला, पार्षद भानू व्यास, रावल माली और आयुक्त अनिल कुमार विश्नोई अस्पताल पहुंचे। सभी लोगों ने परिजनों को शव मोर्चरी में रखवाने के लिए समझाया, लेकिन परिजन सहमत नहीं हुए। आयुक्त अनिल विश्नोई ने बताया कि कंपनी को घटना की सूचना दे दी गई है। कंपनी के प्रतिनिधि अस्पताल पहुंच रहे हैं। उनके आने के बाद ही बातचीत हो सकेगी।

परिवार में कमाने वाला अकेला था पूनम चंद

पूनम चंद का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। उसके परिवार में तीन बहनें और एक छोटा भाई है। दो बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि अन्य भाई-बहन अविवाहित हैं। पूनम चंद ही परिवार में कमाने वाला था। उसकी मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

झुंझुनूं: डंपर ने आरएसी जवान को टक्कर मारी, सिर फटने से मौत

रिश्तेदार से मिलकर लौट रहे थे, आज ही ड्यूटी जॉइन करनी थी

जूम न्यूज ››› झुंझुनूं



झुंझुनूं जिले में बाइक सवार RAC के जवान की डंपर की टक्कर से मौत हो गई। सामने से आ रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। RAC जवान शीशराम गुर्जर (52) उछलकर सड़क पर गिर पड़े। जिससे उनका सिर फट गया और मौके पर ही मौत हो गई। बाइक डंपर के अगले हिस्से में घुस गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर खेतड़ी पुलिस पहुंची और डंपर को जब्त कर लिया। ड्राइवर की तलाश जारी है। शव को खेतड़ी के राजकीय अजीत उप जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। मामला खेतड़ी-सिंघाना स्टेट हाईवे का भरगड़ान की ढाणी के पास गुरुवार सुबह 9 बजे का है। खेतड़ी थाना SHO बुद्धिप्रकाश ने बताया- चिरानी निवासी शीशराम गुर्जर आरएसी की 12वीं बटालियन में तैनात थे। उनकी पोस्टिंग दिल्ली में थी। शीशराम गुर्जर रिश्तेदार से मिलने के बाद अपने गांव लौट रहे थे। छुट्टियों के बाद आज ही उन्हें ड्यूटी जॉइन करनी थी।

थानाधिकारी ने बताया- शीशराम मोटरसाइकिल से भरगड़ान की ढाणी की तरफ से अपने गांव चिरानी जा रहे थे। इसी दौरान टीवीएस एजेंसी के पास एक ओवरलोड डंपर सामने से उनकी बाइक से टकरा गया। परिजनों ने बताया कि आज उन्हें दिल्ली ड्यूटी पर वापस लौटना था। वे गांव चिरणीं से भरगड़ान की ढाणी अपने किसी रिश्तेदार से मिलने गए थे। लौटते वक्त हादसा हो गया। शीशराम के 3 बच्चे हैं, 1 बेटी और 2 बेटे संदीप और प्रवीण हैं।

ब्रीफ न्यूज

जगन्नाथ विवि; 9वें राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस का भव्य आयोजन



जूम न्यूज ››› जयपुर

जगन्नाथ विश्वविद्यालय के प्राकृतिक चिकित्सा विभाग द्वारा "प्राकृतिक चिकित्सा, स्वस्थ भारत" विषय के अंतर्गत 9वें राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक अत्यधिक उत्साह, ऊर्जा और सभी की सक्रिय तथा भारी भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। तीन दिवसीय उत्सव की शुरुआत एक बेहद जीवंत और रचनात्मक आयोजन के साथ हुई। इस प्रतियोगिता में हमारे छात्र-छात्राओं ने अपनी अद्भुत कल्पनाशीलता और कला के माध्यम से प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को बखूबी उकेरा। इस कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ. मनीष पोटफोडे जी रहे, जिनके मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

दूसरा दिन – निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और जागरूकता रैली: जन-कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक अत्यंत प्रभावशाली निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया और साथ ही एक भव्य जागरूकता रैली भी निकाली गई, जो पूरी तरह से समुदाय के स्वास्थ्य और प्राकृतिक जीवनशैली को समर्पित थी। इस कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ. अनिल भारती जी रहे, जिनके सफल नेतृत्व में यह आयोजन किया गया।

तीसरा दिन– "जीवन का लक्ष्य" विषय पर विशेष सेमिनार: इस तीन दिवसीय उत्सव का समापन एक बेहद ज्ञानवर्धक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध सेमिनार के साथ हुआ। इसका मुख्य विषय "जीवन का लक्ष्य" था, जिसकी अध्यक्षता कुलपति (VC) डॉ. राकेश प्रेमी ने की। इस अवसर पर प्रबाल कृष्ण दास और कीर्ति नारायण दास के प्रेरणादायक ज्ञान ने सभी उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया।

बिना काम किए फर्म को दिए 14 करोड़: हाईकोर्ट ने एसीबी डीजी और स्वायत्त शासन सचिव को तलब करने की दी चेतावनी

जूम न्यूज ››› जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने बीकानेर संभाग में जोनल डेवलपमेंट प्लान के नाम पर हुए करोड़ों रुपए के बंदरबांट पर सरकार पर कड़ी टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा- यह मामला ईमानदार करदाताओं की आंखें खोलने वाला है, जो राज्य के विकास के लिए अपनी मेहनत की कमाई देते हैं। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने दो टूक कहा कि तय समय पर वसूली और जांच की प्रगति रिपोर्ट पेश नहीं हुई तो भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के महानिदेशक और स्वायत्त शासन विभाग के सचिव को 15 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। अधिवक्ता मोतीसिंह राजपुरोहित ने बताया- याचिकाकर्ता संजय कुमार शर्मा की ओर से जनहित याचिका पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई के दौरान सामने आया कि प्रदेश की नगर पालिकाओं में जोनल प्लान बनाने के लिए टेंडर जारी हुए थे। बीकानेर संभाग का 21 करोड़ रुपए का ठेका प्राईवेट कम्पनी को मिला। हैरानी की बात यह है कि फर्म ने धरातल पर काम शुरू तक नहीं किया, फिर भी अधिकारियों की मिलीभगत से उसे करीब 14 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया।

चार साल से फरार दो आरोपी एक दिन में गिरफ्तार: दोनों पर स्थायी वारंट जारी था

जूम न्यूज ››› चूरू

चूरू में राजलदेसर पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को एक ही दिन में गिरफ्तार किया। दोनों को लक्ष्मणगढ़ और गोपालपुरिया से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक रतनगढ़ एडीजे ने दोनों के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। राजलदेसर थाने में दर्ज मारपीट और जानलेवा हमले समेत कई धाराओं के मामले में वारंट जारी हुआ था। थानाधिकारी बेगाराम मीणा ने बताया कि चूरू एसपी निश्चय प्रसाद एम के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। सुजानगढ़ एएसपी और रतनगढ़ डीएसपी की निगरानी में पुलिस टीम ने आरोपियों को पकड़ा।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रतननगर थाना क्षेत्र के धोधलिया निवासी किशनसिंह उर्फ कृष्णसिंह राजपूत (25) और सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ भूमा छोटा निवासी संदीप ढाका (25) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों गिरफ्तारी से बचने के लिए चार साल से ठिकाने बदल रहे थे। कार्रवाई में थानाधिकारी बेगाराम, कॉन्स्टेबल रविन्द्र और सुभाषचन्द्र शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने में रविन्द्र की विशेष भूमिका रही।

संविदा कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत: डीबी अस्पताल में पेट दर्द के बाद बिगड़ी तबीयत

जूम न्यूज ››› चूरू



चूरू के राजकीय डीबी अस्पताल में संविदा पर काम करने वाले अमित कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। पेट दर्द के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। अमित कुमार वार्ड छह के आथूना मोहल्ले के रहने वाला था।

कोतवाली थाना के हेड कॉन्स्टेबल प्रेमचंद ने बताया कि उन्हें अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अमित कुमार के भाई शिवकुमार ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच थानाधिकारी गौरव खिड़िया कर रहे हैं।

6 रुपए खुले के विवाद में पुलिसकर्मी ने रैपिडो राइडर को धमकाया

जूम न्यूज ››› बीकानेर

शहर में महज 6 रुपए के खुल्ले रुपयों को लेकर हुए मामूली विवाद में एक पुलिसकर्मी की ओर से रैपिडो बाइक राइडर को फोन पर गाली-गलौज करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

पीड़ित राइडर ने गुरुवार को एसपी को लिखित परिवाद सौंपकर आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीछवाल की एसडब्ल्यूएम कॉलोनी निवासी मनीष कुमार ने एसपी को दिए परिवाद में बताया कि वह रैपिडो में बाइक चलाने का काम करता है। गुरुवार सुबह उसके पास एक राइड आई, जिसे वह बाइक पर बैठाकर कोटगेट छोड़कर आया। राइड का कुल किराया 34 रुपए बना था। मनीष ने भुगतान के लिए ऑनलाइन स्कैनर दिखाया, लेकिन सवारी ने ऑनलाइन पेमेंट से मना करते हुए 50 रुपए का नोट दिया।

मनीष ने 10 रुपए वापस लौटा दिए और 6 रुपए खुल्ले नहीं होने पर सवारी से 4 रुपए खुल्ले देने का आग्रह किया। आरोप है कि इस पर सवारी ने खुद को पुलिसकर्मी राहुल मीणा बताते हुए रौब झाड़ा और कहा कि उसे जबरन 6 रुपए खुल्ले देने ही पड़ेंगे।

लूणकरणसर पालिका की आमसभा में 7 प्रस्ताव पारित



जूम न्यूज ››› लूणकरणसर

नगरपालिका के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली आमसभा गुरुवार को नगर पालिका सभागार में हुई। चेयरमैन चंद्रमोहन डाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एजेंडे के सभी सात प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में नवनिर्वाचित पार्षदों ने परिचय के बाद नगर विकास के लिए आपसी तालमेल से काम करने पर चर्चा की। प्रकाश व्यवस्था सुधारने, सफाई व्यवस्था, नगरपालिका की आय बढ़ाने और घनी आबादी वाले इलाकों में मौजूदा सड़कों की चौड़ाई के अनुसार भूमि उपयोग बदलने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 55 के तहत अलग-अलग समितियां बनाने और उप स्वास्थ्य केंद्र कुंभाणावास के लिए जमीन आवंटित करने के प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुए। पार्षद महिपालसिंह ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कचरा पात्रों की उपलब्धता, घरों और दुकानों से नियमित कचरा उठाने, सफाई कर्मचारियों की संख्या और वेतन की जानकारी मांगी। उन्होंने कचरा उठाने वाली गाड़ियों की संख्या भी पूछी। महिपालसिंह ने कहा कि बढ़ती आबादी को देखते हुए सफाई के लिए पर्याप्त कर्मचारी और संसाधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। पार्षदों ने पेयजल व्यवस्था, नगरपालिका की दुकानों का किराया बढ़ाने, सब्जी विक्रेताओं और रेहड़ी-ठेला संचालकों के लिए जगह तय करने और पार्किंग विकसित करने के मुद्दे भी उठाए। बाजार व्यवस्था सुधारने और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई।

पंचों के लिखे डॉक्यूमेंट्स से हिंदू-विवाह खत्म नहीं माना: हाईकोर्ट ने छूटपल्ला तलाक को नकारा, कहा- प्रथा के ठोस सबूत जरूरी

जूम न्यूज ››› जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पंचों की ओर से तैयार दस्तावेज के आधार पर हिंदू विवाह को खत्म हुआ नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने छूटपल्ला तलाक को मान्यता देने से इनकार करते हुए कहा कि ऐसी प्रथा का अस्तित्व साबित करने के लिए ठोस सबूत जरूरी हैं। सिर्फ पंचों के दस्तावेज को तलाक का वैध आधार नहीं माना जा सकता।

जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की खंडपीठ ने जोधपुर पारिवारिक न्यायालय संख्या-2 के फैसले को सही ठहराया। कोर्ट ने पत्नी की अपील खारिज कर दी। मामले के मुताबिक, पत्नी और पति की शादी 21 नवंबर 1999 को हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी। कुछ समय बाद घरेलू कलह और आपसी मतभेदों के चलते दोनों के रिश्तों में खटास आ गई। उनकी कोई संतान नहीं थी। परिवार और समाज के लोगों ने सुलह की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद 4 दिसंबर 2000 को समाज के पंचों और बुजुर्गों के सामने छूटपल्ला दस्तावेज बनाया गया। दोनों अलग रहने लगे। पत्नी ने इसी दस्तावेज के आधार पर हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के तहत विवाह खत्म करने की घोषणा के लिए जोधपुर की पारिवारिक अदालत में याचिका दायर की।

पारिवारिक अदालत ने खारिज कर दी थी याचिका

पारिवारिक अदालत ने 18 मई 2023 को याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने कहा था कि पत्नी अपने समाज में छूटपल्ला के जरिए तलाक की स्थापित प्रथा को मौखिक या दस्तावेजी सबूतों से साबित नहीं कर सकी। छूटपल्ला दस्तावेज में भी ऐसी किसी प्रथा का जिक्र नहीं था। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पति के वकील ने कहा कि अदालत विवाह खत्म करने का आदेश देती है, तो उन्हें आपत्ति नहीं होगी। इसके बावजूद खंडपीठ ने ऐसा आदेश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि दोनों पक्ष हिंदू हैं और हिंदू विवाह अधिनियम के तहत आते हैं। इसलिए कानून के प्रावधानों को दरकिनार कर, बिना प्रमाणित प्रथा के तलाक नहीं दिया जा सकता।

आसाराम की गिरफ्तारी पर रोक: चार्टर्ड प्लेन की देरी से तय समय पर जेल नहीं पहुंच पाए

जूम न्यूज ››› जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने जोधपुर के रातानाडा थाने में दर्ज FIR में अगली सुनवाई तक आसाराम की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। यह FIR पैरोल पूरी होने के बाद तय समय पर जेल नहीं पहुंचने को लेकर दर्ज हुई थी। जस्टिस सुनील बेनीवाल की एकलपीठ ने गुरुवार को यह आदेश दिया। आसाराम की ओर से अधिवक्ता निशांत बोरा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 528 के तहत याचिका दायर कर 28 अक्टूबर 2026 को दर्ज FIR रद्द करने की मांग की। आसाराम की तरफ से एडवोकेट निशांत बोडा , यशपाल राजपुरोहित, भरत सैन ने पैरवी की। याचिका में बताया गया कि 3 अगस्त 2026 को आसाराम को 20 दिन की नियमित पैरोल मिली थी। उन्हें 8 अक्टूबर को रिहा किया गया और 27 अक्टूबर शाम 5 बजे तक सेंट्रल जेल जोधपुर में सरेंडर करना था।

आसाराम के वकील ने कहा कि वे चार्टर्ड प्लेन से लौट रहे थे, लेकिन उड़ान की मंजूरी में तकनीकी दिक्कत के कारण विमान देर शाम उतरा। इसके बाद आसाराम रात 10:40 बजे जेल अधीक्षक के सामने पेश हुए, लेकिन उन्हें जेल के भीतर नहीं जाने दिया गया। इसके बाद राजस्थान कारागार (संशोधन) अधिनियम की धारा 58-बी के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार के वकील से आसाराम के सरेंडर के वास्तविक समय की जानकारी मांगी। सरकारी वकील ने जानकारी जुटाने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई 23 नवंबर 2026 को तय की और तब तक गिरफ्तारी पर रोक जारी रखने का आदेश दिया।

जयपुर में 20 फरवरी को परिचय सम्मेलन व 15 अप्रैल रामनवमी को सामूहिक विवाह

खत्री मोदी अरोड़ा समाज की पहल: सम्मेलन में आधार कार्ड, 10वीं अंक तालिका और जन्मपत्री से होगा सत्यापन

- 20वें राष्ट्रीय अधिवेशन व वैवाहिक परिचय सम्मेलन में बायोडाटा फोटो के साथ अब जन्मपत्री भी जरूरी- पहले होगा कुंडली मिलान
- समाजसेवियों को खत्री रत्न, पंजाबी रत्न, अरोड़ा रत्न, मोदी रत्न, सिख रत्न, सिंधी रत्न व ब्रह्मखत्री रत्न सम्मान दिया जाएगा

जूम न्यूज ››› जयपुर

विवाह के लिए अब केवल बायोडाटा और फोटो ही नहीं बल्कि जन्मपत्री भी अनिवार्य होगी । अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समाज के इस अनूठे 20वें राष्ट्रीय युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन में पहली बार ऐसी व्यवस्था की जा रही है, जिसमें रिश्ता आगे बढ़ने से पहले ही युवक युवती की कुंडली का मिलान कराया जाएगा । जिसके लिए सम्मेलन स्थल पर ज्योतिषाचार्य मौजूद रहेंगे, जो परिवारों को निशुल्क परामर्श देंगे । उम्र व निवास की पुष्टि के लिए आधार कार्ड और दसवीं की अंकतालिका भी ली जाएगी । यह जानकारी देते हुए माता हिंगलाज एंड वरुण देव चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजीकृत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट खत्री राजेंद्र मोदी (अरोड़ा) ने बताया कि 20 फरवरी 2027 को संस्था का 20वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा, इसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ साथ विदेश में कार्यरत या अध्ययनरत युवक युवतियां भी ऑनलाइन जुड़कर अपना परिचय दे सकेंगे । जिससे बाहर रहने वाले युवाओं को जयपुर आने की बाध्यता नहीं रहेगी । वहीं 15 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है । सम्मेलन में फोटो व बायोडाटा युक्त परिचय पुस्तिका भी मिलेगी ।

20 साल में 13961 रिश्ते संपन्न : समिति को विगत 20 वर्षों से विभिन्न राज्यों/शहरों में परिचय सम्मेलनो के माध्यम से अब तक 13961 रिश्ते संपन्न करवाने में सफलता मिली है।

ऐसे करवा सकते हैं रजिस्ट्रेशन : इच्छुक परिवार समिति के गूगल फॉर्म या मोबाइल नंबर 9509565286 पर संपर्क कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।



चूहे के कुतरने के मामले की जांच करने बांगड़- हॉस्पिटल पहुंची टीम

जूम न्यूज ››› पाली

पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में मरीज और उनके परिजनों के पैर चूहों के कुतरने और परिसर में कुत्ते के घूमने के मामले में जयपुर मुख्यालय की टीम पहुंची। जयपुर मुख्यालय के निर्देश पर बाड़मेर सीएमएचओ विष्णुराम विश्नोई, डॉ नरेन्द्रसिंह चौधरी बायतू हॉस्पिटल पीएमओ, नरपत माली प्रशासनिक अधिकारी सीएमएचओ ऑफिस बाड़मेर के साथ बुधवार को पाली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बांगड़ हॉस्पिटल के वार्डो से लेकर पूरे हॉस्पिटल परिसर का निरीक्षण किया। वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था देखी और आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके साथ ही वार्डों में बने लेटबॉथ का भी निरीक्षण किया।

कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम में बालिकाओं ने संवाद किया



जूम न्यूज ››› देसूरी

पंचायत समिति सभागार में महिला अधिकारिता विभाग, देसूरी की ओर से गुरुवार को 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बालिकाओं ने एसडीएम के साथ सीधे संवाद किया। अधिकारी उत्तमराज चौहान के अनुसार बालिकाओं ने शिक्षा, करियर, महिला सुरक्षा, बालिका अधिकार, सामाजिक कुरीतियों और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सवाल रखे और अपने विचार साझा किए। प्रशासन ने उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। आयोजकों के मुताबिक पहल का उद्देश्य बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना और प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत करना है। महिला अधिकारिता विभाग ने बताया कि कार्यक्रम के जरिए बालिकाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया।

तीनों सेनाओं ने गुरुवार को जामनगर एयरबेस पर कृत्रिम रूप से चक्रवात वेगा से हुए नुकसान के बीच किया राहत-बचाव अभियान का प्रदर्शन

एचएडीआर के मामले में सहायता सेतु अभ्यास से दुनिया ने माना भारत का लोहा

एजेंसी ▶▶ जामनगर

अलग खबर

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं के मौजूदा दौर में आम लोगों तक तत्काल मदद पहुंचाने के लिए सैन्यबलों द्वारा चलाए जाने वाले राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर भारत ने एक अनोखी पहल की है। जिसके तहत वायुसेना की दक्षिण पश्चिमी कमांड के तहत आने वाले गुजरात के जामनगर एयरबेस में बीते 17 नवंबर से जारी तीनों सेनाओं के संयुक्त युद्धाभ्यास 'सहायता सेतु-2026' का गुरुवार, 19 नवंबर को समापन हो गया। मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के इस वैश्विक स्तर के अभ्यास में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने शिरकत की।



सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि संबोधित करते हुए

16 मित्र देशों ने भागीदारी की

अभ्यास में तीनों सेनाओं के अलावा तटरक्षकबल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीएमए) सहित भारत के 16 मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने बतौर पर्यवेक्षक के रूप में भागीदारी की। 16 देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण-अफ्रीका, सिंगापुर, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार, केन्या, मेडागास्कर, मलेशिया, कोमोरोस, मालदीव, मोजांबिक, सेशेल्स, सोमालिया, तंजानिया, थाईलैंड और यमन मुख्य हैं।

सामूहिक जिम्मेदारी है एचएडीआर

सीडीएस ने कहा कि एचएडीआर एक ऐसा विषय है। जो देश के भीतर और पड़ोस में मानव सुरक्षा को लेकर बनी हुई हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ प्रदर्शित करता है। आज के आपदाओं से भरे विश्व में एक प्रभावी प्रतिक्रिया अकेले सिर्फ एक एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि इसके लिए एक समन्वित, समूचे राष्ट्र की सोच वाली भावना (सरकार, सेवाएं, एनडीआरएफ, आम नागरिक शामिल हैं) की बेहद अहम भूमिका है।

'रक्षिता बाइक एंबुलेंस' से घायल जवानों का होगा तेजी से उपचार

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुजरात स्थित वायुसेना के जामनगर एयरबेस पर सशस्त्र बलों के लिए 21 रक्षिता बाइक एंबुलेंस का शानदार उपहार दिया है। जिससे वह किसी भी आपात परिस्थिति में जरूरत पड़ने पर घायल हुए जवानों तक तीव्र गति से चिकित्सा उपचार की सुविधा प्रदान कर सकेंगी। अभी इसका इस्तेमाल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से लेकर अन्य चुनौतीपूर्ण जगहों पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा काफी बढ़ चढ़कर किया जा रहा है। लेकिन जल्द ही इसे थलसेना, वायुसेना और नौसेना जैसी तीनों सशस्त्र सेनाओं में शामिल किया जा सकता है।



दुर्गम इलाकों तक आसान होगी पहुंच

बाइक एंबुलेंस का इस्तेमाल आसानी के साथ संकरी सड़कों, जंगलों और दुर्गम इलाकों तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है। इसके डैशबोर्ड पर लगी एलसीडी स्क्रीन मरीज की हार्ट बीट और ताजा हालात पर नजर बनाए रख सकती है। बाइक में लगी हुई मेडिकल किट, ऑक्सीजन किट, खास किस्म की सीट, सेफ्टी बेल्ट, मरीज के हाथ-पैर बांधने के लिए स्ट्रेप भी दिए गए हैं।

ईसीजी सुविधा भी मौजूद

स्काईलाइन पावर सॉल्यूशन नामक कंपनी द्वारा के सीईओ प्रशांत अरोड़ा ने बताया कि बाइक की सीट पर एक स्ट्रेचर, उपचार की सुविधा (ऑक्सीजन, आईवी फ्लुएड, फर्स्ट ऐड किट, एयर स्पिलेंट्स) मौजूद है। साथ ही अगर जब हमें किसी मरीज की स्थिति की निगरानी करनी होती है तो हार्ट रेट, प्लस और बीपी सहित सारे पैरामीटर बाइक पर लगी हुई एलसीडी स्क्रीन पर आ जाते हैं। ऑफलाइन मोड में ईसीजी की सुविधा भी मौजूद है।

खबर संक्षेप

3 देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को सौंपे परिचय पत्र



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में नेपाल सहित तीन देशों के राजदूतों से परिचय पत्र प्राप्त किए। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपने वालों में यूनान के राजदूत जॉर्जियोस पेटमेजाकिस, स्पेन के राजदूत अल्फ्रेडो मार्टिनेज सेरानो और नेपाल के राजदूत निश्चल नाथ पांडे शामिल थे।

पाक ने भारतीय विमानों पर प्रतिबंध बढ़ाया



लाहौर। पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल पर लगी पाबंदी को एक और महीने के लिए बढ़ाते हुए 24 दिसंबर तक प्रभावी कर दी। पाकिस्तान विमानपत्तन प्राधिकरण (पीएए) की ओर से जारी नोटम के मुताबिक, भारत में पंजीकृत सभी विमानों के साथ-साथ भारतीय विमानन कंपनियों के स्वामित्व वाले, उनकी ओर से संचालित या पट्टे पर लिए गए विमानों को भी 24 दिसंबर तक पाक हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी।

भारत-पाक सीमा के पास मिला ड्रोन, सतर्कता बढ़ाई

श्रीगंगानगर। अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 8 किमी अंदर स्थित श्रीकरणपुर के पास कच्ची थेड़ी इलाके में गुरुवार दोपहर एक संदिग्ध ड्रोन रिहायशी बस्ती के पास गिर गया। यह घटना दोपहर लगभग 12:35 बजे हुई, जब नई विकसित हो रही कॉलोनी मुस्लिम बस्ती के पास हवा में लहराता हुआ यह ड्रोन अचानक नीचे आ गिरा। बरामद किए गए ड्रोन पर एक बैटरी और कैमरा भी लगा हुआ मिला है। घटना के तुरंत बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं।



अपनी ढफली, अपनी राग बनकर रह गई एपीईसी की 33वीं आर्थिक नेताओं की बैठक

जिनपिंग का दावा-एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक सहयोग का 'अगुआ' है चीन

ट्रंप ने कहा अमेरिका सैकड़ों साल से प्रशांत क्षेत्र की बड़ी ताकत रहा है

एजेंसी ▶▶ शेनझेन

दक्षिण चीन के गुआंगदोंग प्रांत के शेनझेन में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) की 33वीं आर्थिक नेताओं की बैठक में यूं तो 21 देश शामिल हुए लेकिन यह बैठक विश्व की तीन आर्थिक महाशक्तियों अमेरिका, चीन और रूस के बीच ही सिमटकर रह गई। तीनों महाशक्तियों के प्रमुखों ने अपनी-अपनी पीठ थपथपाई। तीनों ने अपनी ओर से एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दिए जा रहे सहयोग का उल्लेख किया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दावा किया कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक सहयोग बढ़ाने में चीन एक प्रोत्साहक और अगुवा की भूमिका निभा रहा है।


शी जिनपिंग

साझेदारी पर जोर देते हुए कहा कि चीन एशिया-प्रशांत समुदाय के निर्माण के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने एपीईसी देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 2 करोड़ डॉलर खर्च करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि चीन एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा। एपीईसी समिट में जिनपिंग ने कहा कि सभी देशों को मिलकर चुनौतियों का सामना करना चाहिए। इसके लिए आपसी सहयोग और कारोबार बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने की बात भी कही। जिनपिंग ने शेनझेन में एशिया-प्रशांत अध्ययन केंद्र बनाने का भी ऐलान किया। यहां इस क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर रिसर्च होगी।

एपीईसी समिट में जिनपिंग ने कहा कि सभी देशों को मिलकर चुनौतियों का सामना करना चाहिए। इसके लिए आपसी सहयोग और कारोबार बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने की बात भी कही। जिनपिंग ने शेनझेन में एशिया-प्रशांत अध्ययन केंद्र बनाने का भी ऐलान किया। यहां इस क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर रिसर्च होगी

पुतिन बोले- रूस एशिया-प्रशांत देशों को बड़ी मात्रा में अनाज और खाद देता है


एपीईसी के सदस्य देशों की सामूहिक तस्वीर

सभी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते: रूस

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस एशिया-प्रशांत क्षेत्र का अहम हिस्सा है। वह इस इलाके के देशों के साथ मिलकर काम करना चाहता है। पुतिन ने कहा कि रूस इस क्षेत्र के विकास में भी योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि रूस दुनिया के दूसरे देशों के साथ अपने रिश्ते बनाए रखना चाहता है और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है।


व्लादिमीर पुतिन

प्रशांत देशों के साथ अमेरिका के रिश्ते अच्छे

ट्रंप ने एपीईसी समिट को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका सैकड़ों साल से प्रशांत क्षेत्र की बड़ी ताकत रहा है। वह आगे भी इस इलाके में शांति और विकास के लिए काम करता रहेगा।


डोनाल्ड ट्रंप

शेनझेन में प्रतिवर्ष 200 से अधिक आयोजन होते हैं

दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में स्थित एक प्रमुख आधुनिक महानगर है, जो हांगकांग की सीमा के ठीक उत्तर में पर्ल नदी के किनारे बसा है। महज कुछ दशकों में एक छोटे से कस्बे और मछुआरों के गांव से बदलकर यह आज दुनिया के सबसे उन्नत तकनीकी, विनिर्माण और वित्तीय केंद्रों में से एक बन चुका है। 1979 में इसे चीन का पहला विशेष आर्थिक क्षेत्र घोषित किया गया और 1980 के दशक से यहां आर्थिक सुधारों के तहत विदेशी निवेश व उद्योगों की शुरुआत हुई। यहां दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर प्रदर्शनी केंद्र है। इसके बनने के बाद से शहर में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। शेनझेन में प्रति वर्ष 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक, वैज्ञानिक और व्यावसायिक सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं।



आर्थिक सहयोग मजबूत करने पर जोर: चीन

चीनी राष्ट्रपति ने एशिया-प्रशांत समुदाय की नींव मजबूत करने के लिए आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को और सुदृढ़ करना जरूरी है। हमें खुले क्षेत्रीयवाद का समर्थन करना चाहिए, आर्थिक एकीकरण को लगातार आगे बढ़ाना चाहिए, और सहयोग का ऐसा ढांचा विकसित करना चाहिए जो खुला और एकीकृत हो, न कि सीमित या बिखरा हुआ। उन्होंने ने डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में तेजी लाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के व्यापक इस्तेमाल को बढ़ावा देने की अपील की। क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं को ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा, सीमा पार भ्रष्टाचार विरोधी प्रशासन तथा हरित और कम कार्बन उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने जीवन स्तर में सुधार और मानव संसाधन में निवेश बढ़ाने पर भी जोर दिया।

रक्षा सहयोग को गति देंगे भारत-जापान

हवाई क्षेत्र की निगरानी और मिसाइल तकनीकों पर राजी


एस. जयशंकर, राजनाथ सिंह, तोशिमित्सु मोतेगी और शिंजिरो कोइजुमी

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

भारत और जापान ने विशिष्ट, पानी के भीतर इस्तेमाल होने वाली और मिसाइल तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग तेज करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने जहाजों की मरम्मत के लिए एक-दूसरे को सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े मैरीटाइम शिप रिपेयर अरेंजमेंट (एमएसआरए) को जल्द अंतिम रूप देने की जरूरत पर भी जोर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को टोक्यो में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी और विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी के साथ 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने आपसी हित से जुड़े विभिन्न द्विपक्षीय और क्षेत्रीय तथा वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विचार साझा किए और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर सहमति जताई। रक्षा मंत्री ने वर्ष 2026 को भारत और जापान के संबंधों के लिए महत्वपूर्ण बताया।

जल्द एमओयू किए जाएंगे

रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने यूनिकॉर्न से जुड़े समझौतों पर जल्द विचार किए जाने की उम्मीद जताई। उन्होंने 'डिजाइन विद जापान' और 'मेक इन इंडिया' के ढांचे के तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। हाल ही में हस्ताक्षरित समुद्री सुरक्षा सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन को आगे बढ़ाते हुए दोनों पक्षों ने समुद्री और हवाई क्षेत्र की निगरानी, खोज एवं बचाव तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान से जुड़े समझौतों सहित ठोस सहयोग को जल्द लागू करने पर सहमति जताई।

दुनिया कई संकटों से गुजर रही

वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत और जापान जैसे भरोसेमंद साझेदारों का महत्व और बढ़ गया है। दुनिया इस समय कई बड़े संकटों और बदलावों से गुजर रही है। दो बड़े संघर्षों का असर दूर-दराज के क्षेत्रों तक महसूस किया जा रहा है। इसके साथ ही आर्थिक अस्थिरता और कोविड महामारी के बाद पैदा हुई परिस्थितियों ने ऊर्जा, व्यापार, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र का रणनीतिक परिदृश्य भी जटिल बना हुआ है। भारत और जापान इस क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पन्नू केस में न्यूयार्क कोर्ट ने दिल्ली की अदालतों से मांगी मदद

डोभाल और पूर्व रॉ चीफ को समन भेजेगा यूएस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित सदर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और रॉ के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल को समन पहुंचाने के लिए दिल्ली की अदालतों से मदद मांगी है। यह मामला खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़ा है।

अमेरिकी जिला जज कैथरीन पोल्क फैला ने 13 नवंबर के आदेश में पटियाला हाउस, द्वारका और तीस हजारी कोर्ट से समन और दूसरे न्यायिक दस्तावेज स्वीकार कर डोभाल और गोयल तक पहुंचाने को कहा है। अमेरिकी कोर्ट ने इन अदालतों से समन पहुंचाने की कार्रवाई का लिखित रिकॉर्ड भी मांगा है।

हेग कन्वेंशन के तहत समन भेजने के पहले प्रयास में सफल नहीं हो सकी अमेरिकी कोर्ट



अमेरिकी अदालत के आदेश के मुताबिक, भारत में हेग कन्वेंशन के तहत निर्धारित केंद्रीय प्राधिकरण के माध्यम से समन पहुंचाने की सामान्य प्रक्रिया अपनाने की कोशिश की गई थी, लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हुआ। इसके बाद अदालत ने अपने आदेश में भारतीय अदालतों से इस दीवानी मुकदमे के प्रतिवादियों तक कानूनी दस्तावेज पहुंचाने में सहयोग का अनुरोध किया है।

ये लगाए हैं आरोप

पन्नू ने 2024 में यह मुकदमा दायर किया था। इसमें भारत सरकार, डोभाल, गोयल, विक्रम यादव, निखिल गुप्ता और कुछ अज्ञात लोगों को पक्षकार बनाया गया है। पन्नू ने आरोप लगाया है कि खालिस्तान आंदोलन में उसकी भूमिका के कारण उसे मारने की साजिश रची गई।

बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा बेकाबू

मोहम्मद यूनुस का पुश्तैनी घर फूंका, ढाका में कई जगह बम धमाके, अब तक 565 लोग 'गिरफ्तार'

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के लॉकडाउन के बीच ढाका में तड़के कच्चे बम धमाके हुए, जबकि अंतरिम सरकार के पूर्व प्रमुख मोहम्मद यूनुस के चटगांव पंचलाइश इलाके में अज्ञात लोगों ने उनके पिता के घर को आग लगा दी। उनके ग्रामीण बैंक की कई शाखाओं को भी निशाना बनाया गया। पुलिस के मुताबिक, हिंसा में कम से कम 4 लोग घायल हुए हैं। बांग्लादेश के 64 में से 28 प्रशासनिक जिलों में वाहनों को जलाने, तोड़फोड़ और दर्जनों कच्चे बम फोड़ने की घटनाएं हुई हैं। पुलिस ने राजधानी ढाका में 24 घंटे में 565 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें हसीना सरकार में शिक्षा मंत्री रहे नुरुल इस्लाम नाहिद भी शामिल हैं।


मोहम्मद यूनुस का पुश्तैनी घर फूंका

3000 जवान तैनात

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 96 टुकड़ियां तैनात की गई हैं। इनमें करीब 3,000 जवान शामिल हैं। संवेदनशील इलाकों में पुलिस की मदद के लिए भेजा गया है। सभी हवाई अड्डों को अधिकतम सतर्कता पर रखा गया है।

अवामी लीग आतंकी संगठन: पीएम

पीएम तारिक रहमान ने अवामी लीग को आतंकवादी संगठन और फासीवादी ताकत बताते हुए उसके दोबारा उभरने का विरोध किया है। उन्होंने लोकतांत्रिक ताकतों से एकजुट होने की अपील की। उनका कहना है कि 2024 की तरह फिर से ऐसी ताकतों को निर्णायक रूप से हराना होगा।

नेताओं के घरों पर हमला

वहीं, बीएनपी के कम से कम दो कार्यालयों और एक नेता के घर को भी आग के हवाले किया गया। पिछले दो दिनों में ढाका में अवामी लीग के कम से कम दो पार्टी कार्यालयों और उसके नेताओं की पांच संपत्तियों को भी निशाना बनाया गया। इस बीच पश्चिमी नाराइल जिले में अवामी लीग के कार्यकर्ताओं के एक हमले में सत्तारूढ़ दल के दो स्थानीय नेताओं की मौत हो गई। फरिदपुर और पिरोजपुर में भी हिंसा के दौरान एक बीएनपी नेता और एक परिवहन कर्मचारी की जान गई।

गेम की पृष्ठभूमि लियोनिडा को इतना जीवंत बताया है कि यकीन करना मुश्किल

जीटीए 6: 13 साल बाद आए 3डी गेम को बताया जा रहा 'मास्टरपीस'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ग्रैंड थेफ्ट ऑटो 6 (जीटीए 6) नाम की मशहूर गेम दुनिया के कई हिस्सों में रिलीज हो गई है। इसके साथ ही गेम की नई कड़ी का 13 साल का इंतजार खत्म हो गया है। अलग-अलग टाइम जोन में आधी रात होते ही गेम को धीरे-धीरे रिलीज किया जा रहा है। इसका मतलब है कि दुनिया भर में कई लोग इसे पहले ही खेल चुके हैं। भारत में भी जीटीए 6 को गुरुवार, 19 नवंबर) को रिलीज किया गया है।


किरदार जेसन और लूसिया

जीटीए 6 को अमेरिकी वीडियो गेम कंपनी रॉकस्टार गेम्स ने बनाया है

अनुमान के मुताबिक इसे बनाने की लागत 1 अरब अमेरिकी डॉलर

लियोनिडा नाम का एक काल्पनिक राज्य

इस गेम में खिलाड़ी लियोनिडा नाम के एक काल्पनिक अमेरिकी राज्य को एक्सप्लोर कर सकते हैं। 3डी सेटिंग वाले गेम के इस वर्जन में सीरीज की पहली महिला किरदार शामिल की गई है। जीटीए 6 के लिए दीवानगी इतनी है कि लोग दफ्तरों से छुट्टी तक ले रहे हैं। कई लोग आधी रात को जगकर इस गेम को खेल रहे हैं। इस गेम को रॉकस्टार गेम्स ने बनाया है। रॉकस्टार गेम्स एक अमेरिकी वीडियो गेम कंपनी है। यह 'ग्रैंड थेफ्ट ऑटो' और 'रेड डेड रिडेम्पशन' जैसी गेम सीरीज के लिए जानी जाती है। रॉकस्टार ने अभी तक गेम को बनाने में हुए खर्च की जानकारी नहीं दी है। लेकिन कुछ अनुमानों के मुताबिक, इसे बनाने की लागत 1 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा हो सकती है।

समीक्षकों ने 100 में से 99 अंक दिए

समीक्षकों की राय को एक जगह जुटाने वाली वेबसाइट मेटाक्रिटिक ने इसे 100 में से औसतन 99 अंक दिए हैं। लगभग सभी समीक्षक इस बात पर सहमत हैं कि ओपन-वर्ल्ड एक्शन गेम महत्वाकांक्षी है और नए मानक स्थापित करने वाला है। सभी ने गेम की जमकर तारीफ की है।

रिलीज से पहले सर्वाधिक नामांकन

गेमिंग इंडस्ट्री के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले समारोह 'द गेम अवॉर्ड्स' ने मंगलवार को 2026 के नामांकन की घोषणा की। उस समय तक रिलीज नहीं होने के बावजूद जीटीए 6 को सबसे ज्यादा नामांकन मिले। इसे आठ पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया है। इनमें गेम ऑफ द ईयर और सर्वश्रेष्ठ संगीत का पुरस्कार शामिल है।

भारत में कीमत 5,999 और 7,499 रुपए

भारत में जीटीए 6 को 19 नवंबर की रात 12 बजे से खेला जा रहा है। भारत के प्लेस्टेशन और एक्सबॉक्स स्टोर पर गेम के स्टैंडर्ड एडिशन की कीमत 5,999 रुपए और अल्टीमेट एडिशन की कीमत 7,499 रुपए है।

किरदार असली लोग जैसे

गेम की पृष्ठभूमि लियोनिडा को इतना जीवंत बताया है कि कई बार इस पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। गेम के मुख्य किरदारों जेसन और लूसिया के बीच का रिश्ता भी समीक्षकों को हैरान कर रहा है।

नई दिल्ली ने संस्कृति मंत्री को आमंत्रित किया था

एससीओ की बैठक में पाक ने पर्यावरण मंत्री को भेजा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 20 से 22 नवंबर तक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सभ्यतागत संवाद समिट का आयोजन होने जा रहा है। इसमें पाकिस्तान के जलवायु मंत्री मुसादिक मसूद मलिक भी शामिल होंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि मंत्री मुसादिक मसूद मलिक इस सम्मेलन में मुल्क का प्रतिनिधित्व करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पाकिस्तान का कोई मंत्री भारत आ रहा है। एससीओ का सदस्य होने के कारण भारत ने पाकिस्तान को भी आमंत्रित किया था। भारत की ओर से संस्कृति मंत्री औरंगजेब खान खिची को आमंत्रित किया गया था, लेकिन शहबाज शरीफ ने मुसादिक मसूद मलिक को दिल्ली भेजने का फैसला लिया है। बता दें, मुसादिक मसूद मलिक वही हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पानी रोके जाने पर भारत को 'हाथ काटने' की धमकी दी थी। सियासी जानकार इसे पाक की सोची-समझी चाल बता रहे हैं। मंत्री मुसादिक के सहारे पाक एक बार फिर से सिंधु जल संधि से जुड़े विवाद को सीधे दुनिया के सामने लाना चाहता है और इसके लिए उसने भारत की जमीन का ही इस्तेमाल करने की योजना बनाई है।





मेगा बजट फिल्म में रणवीर और आदित्य की फिर जमेगी जोड़ी

मुंबई। अभिनेता रणवीर सिंह 'धुरंधर'के बाद एक बार फिर निर्देशक आदित्य धर के साथ काम करने की तैयारी कर रहे हैं। 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी की ऐतिहासिक सफलता के बाद दोनों की अगली फिल्म को लेकर चर्चा हो रही है। एक खबर के मुताबिक इनकी फिल्म की शूटिंग 2027 में शुरू हो सकती है और इसे 2028 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। हालांकि, फिल्म के नाम, कहानी और जॉनर को लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई जानकारी साझा नहीं की है। चर्चा ये भी है आदित्य धर की ये फिल्म चंद्रगुप्त मौर्य और मौर्य साम्राज्य के उदय पर आधारित एक ऐतिहासिक फिल्म होने वाली है। इस प्रोजेक्ट के लिए अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े कलाकारों के नाम भी सामने आए हैं।

लाइफ Style

नयनतारा

बॉलीवुड में बनेंगी साउथ की नंबर 1 एक्ट्रेस

साउथ सिनेमा की 'लेडी सुपरस्टार' नयनतारा उन टॉप एक्ट्रेस में से एक हैं, जो अपनी शानदार एक्टिंग के दम पर लगातार चर्चा में रही हैं। वो न केवल बड़े-बड़े सुपरस्टार्स की फिल्मों में नजर आती हैं, बल्कि सोलो फिल्में लाकर भी थिएटर्स में लोगों का दिल जीत रही हैं। उनकी हर फिल्म में एक्टिंग की एक अलग गहराई देखने को मिलती है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यही वजह है कि उनकी फैन फॉलोइंग देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में फैली हुई है। यूं तो अब नयनतारा का फोकस हिंदी सिनेमा पर भी तेजी से बढ़ता दिख रहा है। इस वक्त उनके पास जो बड़ी फिल्में हैं, उनमें बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान का प्रोजेक्ट भी शामिल है। नयनतारा जिस तरह से बॉलीवुड में कदम आगे बढ़ा रही हैं। उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वो हिंदी सिनेमा में साउथ की सबसे बड़ी एक्ट्रेस बनेंगी। दरअसल. नयनतारा बॉलीवुड फिल्मों में सिर्फ ग्लैमर के लिए नहीं आ रहीं, बल्कि वो ऐसे किरदार चुन रही हैं जिनमें परफॉर्म करने और एक्शन दिखाने का पूरा मौका हो। वहीं, रश्मिका मंदाना, समांथा या पूजा हेगड़े इन साउथ एक्ट्रेसेस के मुकाबले नयनतारा की रणनीति बिल्कुल अलग है। नयनतारा ने अपने बॉलीवुड कॅरियर की शुरुआत ही सबसे बड़े धमाके के साथ की थी। उन्होंने शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान'में काम किया। जिसने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस फिल्म में नयनतारा के एक्शन और शाहरुख के साथ उनकी केमिस्ट्री को खूब पसंद किया। अब शाहरुख के बाद सलमान खान के साछ जुड़ना यह साफ दिखाता है कि नयनतारा बेहद सोच-समझकर बड़े प्रोजेक्ट्स चुन रही हैं।



साउथ में काम करने पर बॉलीवुड ड्रॉपआउट कहलाईं जेनेलिया

शादी पर करियर खत्म होने के ताने मिले, 'वेड' से दिया आलोचकों को जवाब

कभी पहली फिल्म के प्रदर्शन पर सवाल उठे, तो कभी साउथ में काम करने पर उन्हें 'बॉलीवुड ड्रॉपआउट' कहा गया। जिस अभिनेत्री को एक डायरेक्टर अपनी फिल्म में लेने को लेकर आश्वस्त नहीं था, उन्होंने 'जाने तू... या जाने ना' से पहचान बनाई। शादी पर उनके करियर खत्म होने के ताने मिले। करीब दस साल फिल्मों से दूर रहने के बाद उनकी वापसी पर भी निराशा जताई गई। लेकिन मराठी फिल्म 'वेड' की सफलता से उन्होंने खुद को साबित किया। यह कहानी है जेनेलिया डिसूजा देशमुख की, जिन्होंने तानों, असफलताओं और लंबे ब्रेक के बावजूद पहचान बनाई।

जेनेलिया डिसूजा का जन्म 5 अगस्त 1987 को मुंबई में हुआ। उनका परिवार फिल्मी दुनिया से नहीं जुड़ा था। इसलिए अभिनय को करियर बनाने का फैसला आसान नहीं था। शुरुआत में परिवार उन्हें फिल्मों में भेजने को लेकर झिझक रहा था। हालांकि, उनकी मां ने साथ दिया। फिल्मों में आने से पहले जेनेलिया मॉडलिंग कर चुकी थीं। अमिताभ बच्चन के साथ पार्कर पेन के विज्ञापन से उन्हें पहचान मिली।

प्रियंका की बेटी ने सुनाया गायत्री मंत्र...

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा ने अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को एक मां के रूप में अपनी जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इस पोस्ट में कई तस्वीरें और वीडियो हैं, जिनमें से एक में प्रियंका और उनकी बेटी मालती मैरी के बीच का एक बहुत प्यारा पल नजर आ रहा है, जहां नन्ही मालती पवित्र गायत्री मंत्र का पाठ कर रही है। 'देसी गर्ल' के नाम से मशहूर प्रियंका चोपड़ा ने उन परंपराओं की झलक दिखाई है, जो वह अपनी बेटी को सिखा रही हैं। वीडियो में एक्ट्रेस मालती को अपने करीब पकड़े हुए हैं और उसे गायत्री मंत्र पढ़ने में मदद कर रही हैं। बच्ची का मंत्र पढ़ने का प्रयास एक बहुत ही प्यारा मां-बेटी का पल बन गया है। इस पोस्ट में बीच वेकेशन की तस्वीरें और प्रियंका के फिल्म सेट के पर्दे के पीछे के कुछ पल भी शामिल हैं। मई में 'वोग अरबिया' के साथ बातचीत में, प्रियंका ने अपने फैमिली टाइम और काम की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने के बारे में बात की।



'पुतलीबाई' के लुक में नजर आईं वहीदा, सौरभ की भी दिखी पहली झलक



नई दिल्ली। सुधीर मिश्रा द्वारा डायरेक्टेड और अनुभव सिन्हा द्वारा प्रोड्यूस फीचर फिल्म की जबसे घोषणा हुई है, तब से प्रोजेक्ट के इर्दगिर्द दर्शकों का उत्साह बढ़ता हुआ देखने मिल रहा है। यह कहानी भारत की आजादी के पहले की है, उन 21 दिनों की जिसके बारे में शायद ही कोई जानता है। फिल्म में महात्मा गांधी का किरदार नेशनल अवॉर्ड विनर मनोज बाजपेयी पहली बार निभाते नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग ऑफिशल तौर से पूरी करते हुए एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। प्रोजेक्ट को अपनी मौजूदगी से वहीदा रहमान जैसी दिग्गज अभिनेत्री ने और भी खास बना दिया है। वह इस मूवी में पुतलीबाई की भूमिका में दिखेंगे, जोकि गांधी की मां का किरदार है। उन जैसी कद रखने वाली आइकॉन का प्रॉजेक्ट से जुड़ना, फिल्म को एक अलग लेवल पर ले जाता है। भारतीय सिनेमा में कई दशकों से अपनी शानदार अदाकारी, गरिमापूर्ण अंदाज और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए पहचानी जाने वाली उनकी मौजूदगी इस फिल्म को और खास बनाती है।

इस वजह से खास होगी फिल्म

फिल्म को जो चीज सबसे ज्यादा दिलचस्प बनाती है, वो है इसका विषय। यह कहानी भारत की आजादी के पहले की है, उन 21 दिनों की जिसके बारे में शायद ही कोई जानता है। यह खुद में इमोशंस, मुश्किल चॉइसेज और इंसानी ड्रामे से जुड़े मोड लिए हुए है। मास्टर ऑफ स्टोरी टेलिंग कहे जाने वाले सुधीर मिश्रा द्वारा डायरेक्टेड और अनुभव सिन्हा द्वारा प्रोड्यूस यह फिल्म कभी न भूले जाने वाला बिग स्क्रीन एक्सपीरियंस होने वाला है, जिसे मिस करना मुश्किल है।

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। मनोरंजन के शौकीन खुश हो जाएं। बदलते मौसम और बढ़ती ठंड के बीच अगर फिल्म देखने के लिए सिनेमाघर जाने का मन नहीं है तो घर पर भी भरपूर एंटरटेनमेंट मिलेगा। इस वीकएंड ओटीटी के पिटारे में काफी कुछ है। आपको कॉमेडी भी मिलेगी, ड्रामा भी और हॉरर-एक्शन का तड़का भी है।

तीन तिगाड़ा : यह रोमांटिक ड्रामा वेब सीरीज भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इसे दर्शक 20 नवंबर से जीo पर देख सकेंगे। राजीव राज निर्देशित इस सीरीज में प्रसन्ना बिष्ट, दानिश रजवी और अदिति सारंगधर जैसे सितारे हैं।

ढिंढोरा सीजन 2 : भुवन बाम और संजीदा शेख की अदाकारी से सजी सीरीज 'ढिंढोरा' का दूसरा सीजन 20 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाला है। इसमें टिटू मामा परेशानी में फंसते हुए नजर आने वाले हैं। वहीं संजीदा शेख ने उनकी पत्नी का रोल किया है।

दे विल किल यू : यह एक एक्शन-हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो 27 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। किरिल सोकोलोव निर्देशित 'दे विल किल यू' को आप 20 नवंबर से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। इसमें जाजी बीट्ज, पेट्रीसिया आर्क्वेट, टॉम फेल्टन और हीथर ग्राहम अहम भूमिकाओं में हैं।



मैडेन : अगर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में आपकी दिलचस्पी है तो यह आपके लिए है। 'मैडेन एक बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसकी कहानी मशहूर अमेरिकी फुटबॉल कोच और कमेंटेटर जॉन मैडेन के जीवन पर आधारित है। 18 नवंबर को यह प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है।

द ओडिसी : क्रिस्टोफर नोलन की 'द ओडिसी' का आनंद भी दर्शक घर बैठे ले सकते हैं। यह 18 नवंबर को प्राइम वीडियो पर आ चुकी है। इसमें मैट डेमन ओडीसियस के किरदार में हैं। फिल्म में ऐन हैथवे, टॉम हॉलैंड, रॉबर्ट पैटिनसन और जेंडाया भी हैं।

क्वीन : यह पॉलिटिकल ड्रामा शो है। इसे मंगेश कंठाले ने बनाया है। उन्होंने ही निर्देशन किया है। सीरीज में शगुन शर्मा, कर्तव्य यादव, जाकिर हुसैन और श्रुती सेठ अहम भूमिकाओं में हैं। 16 नवंबर को यह जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो चुका है। यह सीरीज एक ताकतवर राजनीतिक परिवार, धोखे और सत्ता के खेल के खिलाफ एक महिला के संघर्ष पर आधारित है।

कैंपस डायरीज 2 : यह एक टीनएज रोमांटिक कॉमेडी सीरीज है, जो अपने नए सीजन के साथ लौट रही है। पुराना गैंग कॉलेज में लौटेगा। सीरीज की कहानी एक बार फिर दोस्ती, प्यार और कॉलेज की घटनाओं के इर्द-गिर्द होगी। यह छह दोस्तों की कहानी पर आधारित है। यह सीरीज प्राइम वीडियो 18 नवंबर को रिलीज हो गई है।

अनबिल अवन : यह तमिल भाषा की रोमांटिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें अशोक सेलवन और प्रीति मुकुंदन लीड भूमिकाओं में हैं। सिनेमाघरों में यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी स्ट्रीमिंग को तैयार है। दर्शक इसे 20 नवंबर से सोनी लिव पर देख सकेंगे।

हाइकु : यह तमिल रोमांटिक फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में लगी थी। 20 नवंबर से दर्शक इसे ओटीटी पर देख पाएंगे। यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में एगन, श्रीदेवी अप्पाला और फेमिना जॉर्ज नजर आए हैं।

मिस्टर एंड मिसेज ऑफिस : वीकएंड पर आप इस रोमांटिक कॉमेडी सीरीज को देख सकते हैं। इसका निर्देशन अब्दुल कबीज ने किया है। 18 नवंबर 2026 को जियो हॉटस्टार पर आ चुकी है। बता दें कि यह एक वर्कप्लेस कॉमेडी और रोमांटिक सीरीज है। इसकी कहानी एक ऐसे शादीशुदा जोड़े पर आधारित है, जो घर पर पति-पत्नी हैं, लेकिन ऑफिस में अजनबी बनकर काम करते हैं। दोनों अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं।

मेडिकल ड्रामा 'डॉ. हसन' का टीजर रिलीज

नई दिल्ली। ओटीटी की दुनिया में एक नई मेडिकल ड्रामा सीरीज दस्तक देने जा रही है। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी और दीया मिर्जा स्टारर 'डॉ. हसन' का टीजर रिलीज हो गया है। जियोहॉटस्टार ने इस सीरीज की पहली झलक साझा करते हुए इसके प्रीमियर की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। यह सीरीज 11 दिसंबर को प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। टीजर में नवाजुद्दीन एक ऐसे डॉक्टर के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिनकी मेडिकल समझ और दिमाग का कोई मुकाबला नहीं है। हालांकि, उनकी काबिलियत के साथ उनका अजीब व्यवहार भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता दिखाई देता है। डॉ. हसन' की कहानी एक असाधारण डॉक्टर के इर्द-गिर्द घूमती है। उनका दिमाग बेहद तेज है और वह ऐसे मेडिकल मामलों की गुत्थी भी सुलझा सकते हैं। जिनका जवाब दूसरे डॉक्टरों के लिए ढूंढना मुश्किल होता है। लेकिन उनकी शख्सियत आम डॉक्टरों जैसी नहीं है।




पिता शाहरुख खान से तुलना पर आर्यन ने दिया रिएक्शन

नंबर-वन इंसान से तुलना होना तारीफ की बात, सलमान का किस्सा भी सुनाया

मुंबई। शाहरुख खान के बेटे और फिल्ममेकर आर्यन खान का कहना है कि पिता से उनकी तुलना होना उनके लिए परेशानी की बात नहीं है। वह इसे तारीफ के तौर पर लेते हैं। आर्यन ने यह बात अमेरिकी मैगजीन TIME को दिए इंटरव्यू में कही। 19 नवंबर को उन्हें मैगजीन की पहली TIME100 Next India लिस्ट में जगह मिली। इस लिस्ट में देश की 100 उभरती हस्तियों को शामिल किया गया है। आर्यन के साथ फिल्ममेकर पायल कपाड़िया और थेजा रियो भी मैगजीन के एक कवर पर नजर आए।

आर्यन से पूछा गया कि शाहरुख खान का बेटा होने के कारण उनसे तुलना किए जाने पर उन्हें कैसा लगता है? इस पर उन्होंने कहा, "हर किसी की उनकी तुलना की गई है। अगर मैं भी उन लोगों में से एक हूं, तो इसमें कोई परेशानी नहीं है। नंबर-1 इंसान से तुलना होना मेरे लिए तारीफ की बात है। वे एक अलग ही शख्सियत हैं।" आर्यन ने अपने पिता के लिए अंग्रेजी शब्द 'बीस्ट' का इस्तेमाल किया। यहां इसका मतलब किसी की असाधारण क्षमता और प्रभाव से है। आर्यन यह भी समझते हैं कि शाहरुख की पहचान और लोकप्रियता के कारण उनसे तुलना होना स्वाभाविक है। हालांकि, वह फिल्मों में अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

इंटरव्यू में आर्यन ने अपनी वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में सलमान खान के कैमियो से जुड़ा दिलचस्प किस्सा भी सुनाया। आर्यन ने बताया कि सीरीज की शूटिंग के दौरान उन्हें पता चला कि सलमान भी उसी लोकेशन पर मौजूद हैं। उन्होंने सलमान की टीम को मैसेज भेजकर पूछा कि क्या वह उनसे मिलने आ सकते हैं, लेकिन सलमान ने खुद आर्यन के सेट पर आने की बात कह दी। आर्यन ने बताया कि सलमान के आने की जानकारी मिलते ही उन्होंने अपने सिनेमैटोग्राफर से एक शॉट तैयार रखने को कहा। सलमान सेट पर पहुंचे तो उन्होंने पूछा, 'पोजिशन क्या है?' इस पर आर्यन ने तुरंत एक डायलॉग बनाया और उन्हें कैमरे के सामने खड़ा कर दिया। इस तरह सलमान का कैमियो सीरीज के यादगार सीन में शामिल हो गया।



2025 में डेब्यू किया

आर्यन ने अपने पिता की तरह अभिनेता बनने के बजाय कैमरे के पीछे काम करने का फैसला किया। उनकी पहली डायरेक्टोरियल सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसमें बॉलीवुड की दुनिया, स्टारडम, नेपोटिज्म, फिल्म इंडस्ट्री की राजनीति और पर्दे के पीछे होने वाली गतिविधियों को व्यंग्य के अंदाज में दिखाया गया। आर्यन ने अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ साउदर्न कैलिफोर्निया (USC) से फिल्म और टेलीविजन प्रोडक्शन की पढ़ाई की है। आर्यन ने अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ साउदर्न कैलिफोर्निया (USC) से फिल्म और टेलीविजन प्रोडक्शन की पढ़ाई की है।

'ये प्रेम मोल लिया' में आयुष्मान और शर्वरी की अनोखी शादी

मुंबई। आयुष्मान खुराना और शर्वरी वाघ की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें दूल्हा अपनी पूरी फैमिली के साथ दुल्हन के घर में बसने का फैसला लेता है। उसके बाद की कहानी आगे इस कदर बढ़ती है कि परिवार का ये मसला आखिरकार कोर्ट तक भी पहुंच जाता है। ये फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में बरसों से चली आ रही पुरानी परंपरा को एक अलग नजरिए से दिखाया गया है जहां शादी को लेकर हमेशा लड़की ही दूल्हे के घर आती है। यहां मामला लड़की के घर में पूरे परिवार के साथ दूल्हे के बसने की कहानी से जुड़ी है। 3 मिनट 45 सेकंड के ट्रेलर में आयुष्मान खुराना प्रेम और शर्वरी पूर्वा के किरदार में दिख रही हैं। दोनों एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं और शादी भी करना चाहते हैं, लेकिन उनके सामने एक बड़ी परेशानी आ जाती है। दरअसल, पूर्वा अपने परिवार को छोड़कर ससुराल नहीं जाना चाहती। वह अपने परिवार की जिम्मेदारियां संभालती है, जहां केवल महिलाएं ही हैं और वो उन्हें अकेला नहीं छोड़ सकतीं। परिवार का ये मसला आखिरकार कोर्ट तक भी पहुंच जाता है। ट्रेलर की शुरुआत, आयुष्मान और शर्वरी की शादी की झलकियों से होती है। इसके बाद



आयुष्मान कटघरे में खड़े दिख रहे हैं और कहते हैं, 'ये केस मेरे पिता ने मेरी पत्नी के परिवार पर किया है। मैं सिर्फ वेद मिश्रा का बेटा नहीं हूं, मैं पूर्वा सोलंकी का पति भी हूं।' इसी के साथ सोलंकी निवास की झलकियां दिखाई जाती है जिसमें 6 महिलाओं का एक परिवार है। वहीं अब दोनों के बीच इश्क और दीवानगी का दौर भी दिखता है। आयुष्मान कहते दिख रहे हैं, 'मैं बहुत ही ऑनेस्ट इंसान हूं, बिना पर्पस के डेट मुझे समझता नहीं है और प्यार मेरे लिए सीधा शादी है।'

'दिल की बेवफाइयां' के बहाने श्रद्धा ने आकांक्षा पर कसा तंज

नई दिल्ली। गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या बहुत जल्द टीवी शो दिल की बेवफाइयां में अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये 24 नवंबर को स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इस दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शो के कलाकारों के साथ बातचीत की गई जहां अभिनेत्री श्रद्धा आर्या ने अनुपमा स्टार की पत्नी आकांक्षा चमोला पर तीखा कटाक्ष किया। मीडिया इंटरेक्शन के दौरान जब कलाकारों से पूछा गया, 'शो का नाम दिल की बेवफाइयां है तो रियल लाइफ में आपके साथ कितनी दिल की बेवफाइयां हुई हैं?' गौरव खन्ना ने श्रद्धा की ओर इशारा किया और उनसे जवाब देने को कहा। सवाल का जवाब देते हुए, श्रद्धा आर्या ने गौरव खन्ना की पत्नी पर कटाक्ष किया और कहा,'मेरी दिल की बेवफाइयां का तो टाइम अप हो गया, इसका चल रहा है। इसके बाद दोनों कलाकार जोर-जोर से हंसने लगे। 27 जून को 'लॉक अप 2' के प्रीमियर के दौरान, आकांक्षा ने बताया कि उन्होंने और गौरव खन्ना ने अलग होने का फैसला किया है और वे तलाक लेने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पिछले एक साल से अलग रह रहे थे, लेकिन अब तक उन्होंने इस बात को निजी रखा था। उन्होंने कहा, 'यह फैसला हम दोनों ने मिलकर लिया है। हम पिछले एक साल से इस बारे में बात कर रहे हैं।' उन्होंने शो पर कहा,'गौरव और मेरे बीच कुछ भी बुरा नहीं है। हम आज भी एक-दूसरे से बात करते हैं, लेकिन हमें लगता है कि हम पार्टनर के तौर पर एक-दूसरे के लिए सही नहीं हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम दोनों जीवन में अलग-अलग चीजें चाहते हैं।'



वैभव, हरमनप्रीत, लवलीना, चानू समेत नौ भारतीय खिलाड़ी 'टाइम 100 सूची' में शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी, महिला विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर और ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन व मीराबाई चानू उन नौ भारतीय खेल सितारों में शामिल हैं, जिन्हें 'टाइम 100 नेक्स्ट इंडिया' सूची में जगह मिली है। यह सूची उन लोगों को पहचान देती है जो अलग-अलग क्षेत्रों में देश का भविष्य संवार रहे हैं। विश्व चैंपियन शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश, महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल्स) में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक विथ्या रामराज, एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीरंदाज कुमकुम मोहोद, महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया और पूर्व टेनिस स्टार सानिया मिर्जा भी इस प्रतिष्ठित सूची का हिस्सा हैं। इस सूची में देश का भविष्य संवारने वाले 100 असाधारण नेताओं और उभरती आवाज़ों को शामिल किया गया है। टाइम ने भारत में पहली बार यह सूची जारी की है।

किसको किस श्रेणी में मिली जगह

सूर्यवंशी, चानू और कुमकुम को 'इनोवेटर्स' श्रेणी में रखा गया है, जबकि बोरगोहेन, गुकेश और विथ्या को 'फेनोम्स' (असाधारण प्रतिभा वाले) श्रेणी में जगह मिली है, सविता को 'लीडर्स' श्रेणी में शामिल किया गया है, जबकि सानिया और हरमनप्रीत को 'एडवोकेट्स' (समर्थक/पैरवी करने वाले) श्रेणी में जगह दी गई है।



लवलीना और शतरंज के सितारे गुकेश

मुक्केबाज लवलीना ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और इसके बाद 2023 में विश्व चैंपियन बनीं। 29 वर्षीय लवलीना ने इस साल आइची-नागोया एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया। बीस वर्षीय गुकेश मौजूदा विश्व शतरंज चैंपियन हैं और इस महीने के अंत में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ अपने खिताब का बचाव करेंगे।

15 साल के सूर्यवंशी की उपलब्धियां

पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने 2025 में 14 साल की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में पदार्पण किया और इस टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बने। इसके बाद उन्होंने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। वह 2026 आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे। जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करते हुए भारत के सबसे युवा पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने का गौरव भी वैभव ने हासिल किया है।

ये भी सूची में शामिल



बॉलीवुड से अभिनेत्री आलिया भट्ट, आर्यन खान, म्यूजिक से दिलजीत दोसांझ और अनिरुद्ध रविचंदर को जगह मिली है। बिजनेस और टेक्नोलॉजी में पीयूष बंसल, अलबिंदर सिंह ढींडसा, तरुण मेहता और राधिका गुप्ता जैसे चेहरे हैं। साइंस और इनोवेशन से जुड़े नामों में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। पहले कवर पर आलिया भट्ट, दूसरे पर स्पेस टेक कंपनी स्काईरूट के को-फाउंडर पवन कुमार चंदाना और तीसरे ग्रुप कवर पर फिल्ममेकर आर्यन खान, पायल कपाड़िया और थेजा रियो हैं।

खबर संक्षेप



त्वेसा ने जीता डब्ल्यूपीजीटी के अंतिम चरण का खिताब

नोएडा। त्वेसा मलिक ने रोमांचक मुकाबले में संयम दिखाते हुए 2026 हीरो वुमैंस प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 15वें और अंतिम चरण का खिताब अपने नाम किया। यह त्वेसा की इस सत्र की दूसरी खिताबी जीत है। इसके साथ ही वह 2026 सत्र में एक से अधिक खिताब जीतने वाली खिलाड़ियों की सूची में रिधिमा दिलावरी (चार खिताब), वाणी कपूर (दो खिताब) और जैस्मिन शेखर (दो खिताब) के साथ शामिल हो गईं। त्वेसा अंतिम दौर की शुरुआत में रिधिमा से दो शॉट पीछे थीं। उन्होंने एक अंडर 70 का कार्ड खेलकर कुल चार अंडर 209 का स्कोर बनाया। वहीं रिधिमा ने 72 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर भी चार अंडर 209 रहा। फिर खिताब का फैसला प्लेऑफ के जरिए हुआ। त्वेसा ने दूसरे प्लेऑफ होल पर पार-5 में बर्डी लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया।

भारतीय ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया



आकलैंड। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने भारत-न्यूजीलैंड ' सेंचुरी आफ स्पोर्टिंग यूनिटी' दौरे का आगाज बृहस्पतिवार को मेजबान टीम पर 3-2 से जीत के साथ किया। यहां लॉयड एल्समोर हॉकी स्टेडियम पर न्यूजीलैंड ने 25वें मिनट में जोंटी एल्मेस के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गोल के दम पर बढत बना ली। भारत के लिये उसी मिनट में उत्तम सिंह ने फील्ड गोल करके बराबरी की। दूसरे हाफ में भारत के शारदानंद तिवारी ने 38वें मिनट में फील्डगोल किया। वहीं कप्तान संजय ने पांच मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत की बढत 3-1 की कर दी। न्यूजीलैंड के लिये सैम एच ने 55वें मिनट में फील्ड गोल करके अंतर कम किया। अब भारत को अगले मैच शनिवार और रविवार को खेलने हैं।

रिशान, तनिष्का ने अंडर 15 खिताब जीते



फगवाड़ा। पश्चिम बंगाल के रिशान चटोपाध्याय और कर्नाटक की तनिष्का कालभैरव ने यहां तीसरी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में अंडर 15 लड़के और लड़कियों के वर्ग में खिताब जीते। रिशान ने बंगाल के ही हिमान मंडल को रोमांचक फाइनल में 3-2 से हराया जबकि तनिष्का ने महाराष्ट्र की मायरा सांगलेकर को सीधे सेटों में मात दी। रिशान ने दो सेट हारने के बाद वापसी करते हुए 6-11, 9-11, 11-6, 11-4, 12-0 से खिताबी जीत दर्ज की। वहीं तनिष्का ने 11-5, 11-7, 11-8 से मुकाबला जीता।

वेलिंगटन टेस्ट : पहले दिन निकोल्स का शतक, जसप्रीत में झटके तीन विकेट

बुमराह की गेंदबाजी ने कीवियों को झकझोरा निकोल्स व फिलिप्स की बदौलत स्कोर 243 रन

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले वेलिंगटन टेस्ट में पहले दिन की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में 243/5 का स्कोर बनाया। बेसिन रिजर्व स्टेडियम में मेजबान टीम से हेनरी निकोल्स ने शतक लगाया। स्टंप्स की घोषणा तक फिलहाल निकोल्स (113) और ग्लेन फिलिप्स (94*) बने हुए हैं। पहले दिन सिर्फ 82 ओवर का ही खेल संभव हो पाया।

दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके दोनों सलामी बल्लेबाज

टॉस हारकर पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत रही। पारी के पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने टॉम लैथम को बोल्ड किया। अपने टेस्ट करियर में लैथम कुल 16वीं बार शून्य पर आउट हुए। लैथम के सलामी जोड़ीदार डेवोन कॉनवे भी ज्यादा देर तक टिक सके और सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हुए। पारी के चौथे ओवर में अंशुल कंबोज ने उन्हें आउट किया। कीवी टीम ने 12 रन तक ये दोनों विकेट खोए।



बुमराह की घातक गेंदबाजी ने ढहाया किला

बुमराह की घातक गेंदबाजी के सामने न्यूजीलैंड ने 70 रन तक अपने 5 विकेट खो दिए। इस बीच चोट के बाद वापसी करने वाले रचिन रविंद्र सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज डेरिल मिचेल (1) और विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल (5) भी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। रविंद्र को आकाश दीप ने पवेलियन की राह दिखाई, जबकि बुमराह ने मिचेल और ब्लंडेल के विकेट चटकाए।

निकोल्स और फिलिप्स ने पारी को संभाला


निकोल्स और फिलिप्स ने मिलकर टीम को संकट से निकाला और स्कोर 200 के पार पहुंचाया। इस बीच पहले दिन के आखिरी सत्र के दौरान निकोल्स ने अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 12वां और भारत के खिलाफ पहला शतक साबित हुआ। वह फिलहाल 113 रन बनाकर क्रीज पर बने हुए हैं। फिलिप्स भी अपने शतक के करीब पहुंच गए हैं। वह 182 गेंदों में 94 रन बनाकर नाबाद हैं।

ऐसी रही भारत की गेंदबाजी

भारत की ओर से बुमराह सबसे सफल साबित हुए। उन्होंने 17 ओवर में 52 रन देते हुए 3 विकेट चटकाए। अंशुल कंबोज ने 18 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 57 रन देते हुए एक सफलता हासिल की। आकाश दीप ने अपने 15 ओवर में 33 रन देते हुए एक विकेट हासिल किया। वाशिंगटन सुंदर और प्रसिद्ध कृष्णा कोई भी विकेट नहीं ले सके। कृष्णा ने अपने 16 ओवर में 58 रन खर्च किए।

एटीपी फाइनल्स

अल्कारेज ने मेदवेदेव और टियाफो ने कोबोली को हराया



एजेंसी ▸▸ तूरिन

कार्लोस अल्कारेज ने शारीरिक परेशानी के बावजूद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में डेनियल मेदवेदेव को 6-2, 6-4 से हराया।

इस दौरान उन्हें चिकित्सा सहायता भी लेनी पड़ी और बाईं जांघ पर पट्टी बंधवानी पड़ी। सात बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज ने लगातार 11वीं जीत दर्ज की। वह विएना और पेरिस में खिताब जीतने के बाद लगातार तीसरा इंडोर खिताब हासिल करने की कोशिश में जुटे हैं। अल्कारेज ने लगातार दूसरे साल आठ खिलाड़ियों के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह भी पक्की कर ली।

छह मुकाबलों में अल्कारेज की पांचवी जीत

फ्रांसेस टियाफो ने दूसरे ग्रुप मुकाबले में घरेलू खिलाड़ी फ्लावियो कोबोली को 7-6, 6-0 से हराकर उनकी राह आसान की। शीर्ष पांच खिलाड़ियों के खिलाफ इस साल छह मुकाबलों में अल्कारेज की यह पांचवीं जीत है। उन्हें एकमात्र हार मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ मिली थी। दूसरे सेट की शुरुआत में अल्कारेज को चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी।

हांगकांग ओपन

सात्विक व चिराग हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▸▸ कोवलून (हांगकांग)

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की पुरुष युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने नूर मोहम्मद अजरिन अयूब और टैन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी को 42 मिनट में 21-19, 21-16 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। सात्विक और चिराग ने इस साल सिंगापुर और चीन में दो सुपर 750 खिताब जीते हैं।

युआन व लिन से होगी अगली भिड़ंत

भारतीय जोड़ी अगले दौर में हू के युआन और लिन शियांग यी की चीन की जोड़ी से भिड़ेगी। चीन की जोड़ी ने काकेरू कुमागाई और हिरोकी निशी की जापान की जोड़ी को 21-19, 21-17 से हराया। इससे पहले सात्विक और चिराग को शुरुआती दौर में ली झे हुई और यांग पो सुआन की चीनी ताइपे की जोड़ी को हराने के लिए तीन गेम तक संघर्ष करना पड़ा था।

अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन : विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। लॉरेन लैम और एलिसन ली की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 20-22, 13-21 से हारकर वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

रक्षिता ने ओलंपिक चैंपियन को हराकर उलटफेर किया

कोवलून। भारत की रक्षिता रामराज ने बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए तोक्यो ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई को सीधे गेम में हरा दिया। कोयंबटूर की 19 वर्षीय रक्षिता ने यूफेई को 21-18, 24-22 से हराकर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की यादगार जीत में से एक दर्ज की। रक्षिता ने शुरुआती दौर में डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट को भी हराकर उलटफेर किया था। रक्षिता का अगला मुकाबला थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। मैच के बाद रक्षिता ने कहा, "मुझे लगता है कि यह मेरे करियर की अब तक की सबसे बड़ी जीत में से एक है। वह मेरी सबसे बड़ी आदर्श हैं और मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा कि मैंने उन्हें हरा दिया। यह मेरे बैडमिंटन करियर के सबसे यादगार दिनों में से एक रहेगा। उन्होंने कहा मैं पूरी तरह सहज थी और अपने सभी शॉट खेल रही थी जो सफल रहे।

एरिगेसी जीते, बहन वैशाली से भिड़ंत से बचे प्रज्ञानानंदा



बुडापेस्ट। भारत के अर्जुन एरिगेसी ने आर्मागेडन बाजी में नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट को हराया जबकि आर प्रज्ञानानंदा ने यहां टेटल चेस विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट प्रतियोगिता में अपनी बहन आर वैशाली के खिलाफ संभावित मुकाबले से बचने में सफलता हासिल की। नौवें से 12वें स्थान के लिए खेले जा रहे मुकाबले में एरिगेसी ने पहले दिन 11.5-8.5 से जीत दर्ज की थी लेकिन बुधवार को दूसरे दिन उन्हें 8-12 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद मुकाबला आर्मागेडन तक पहुंच गया। आर्मागेडन बाजी में वान फॉरेस्ट ने काले मोहरों से खेलने का फैसला किया। वह लंबे समय तक जीत की स्थिति में थे लेकिन 34वीं चाल में अपनी बढ़त गंवा बैठे और एरिगेसी ने इसका फायदा उठाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब एरिगेसी नौवें स्थान के क्लासीफिकेशन मुकाबले में हाइक एम मार्टिरोसियन से भिड़ेंगे। दूसरी ओर प्रज्ञानानंदा ने उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ शानदार वापसी की। फास्ट क्लासिक बाजी से पहले प्रज्ञानानंदा 3.5-8.5 से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने काले मोहरों से जीत दर्ज करके दूसरे दिन का मुकाबला 11.5-8.5 से अपने नाम किया।

विश्व कप विजेता जुआन माटा ने फुटबॉल को कहा अलविदा



मेलबर्न। स्पेन के विश्व कप विजेता फुटबॉलर जुआन माटा ने अपने शानदार करियर में फीफा विश्व कप और यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीतने के बाद फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। स्पेन के 38 वर्षीय खिलाड़ी माटा इंग्लिश प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड और चेल्सी के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया की 'ए लीग' की टीम मेलबर्न विक्ट्री के साथ अपना अनुबंध आगे नहीं बढ़ाया था। माटा ने सोशल मीडिया पर लिखा, "कभी-कभी प्यार करने का मतलब उसे जाने देना भी होता है। धन्यवाद फुटबॉल।"

माटा के कॅरियर में ये रहीं उपलब्धियां

माटा ने 2025-26 के 'ए लीग' सत्र में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाने वाला जॉनी वॉरिन पदक जीता था। माटा ने 2010 में दक्षिण अफ्रीका में स्पेन के साथ फीफा विश्व कप जीता था। स्पेन ने फाइनल में नीदरलैंड को अतिरिक्त समय में 1-0 से हराया था। इसके बाद 2012 में यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी माटा ने गोल किया था। स्पेन ने इस मुकाबले में इटली को 4-0 से हराकर खिताब जीता था।
माटा ने स्पेन के लिए 41 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 10 गोल किए।

अंडर-23 महिला टी-20 ट्रॉफी

हरियाणा ने छत्तीसगढ़ को 35 रनों से दी करारी शिकस्त


रोहतक। अंडर-23 महिला टी-20 एलीट ट्रॉफी के मुकाबले में हरियाणा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को 35 रनों से पराजित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित सेंट जेवियर्स केसीए क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में हरियाणा की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में छत्तीसगढ़ पर पूरी तरह हावी रही। मुकाबले में छत्तीसगढ़ की कप्तान कृति गुप्ता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो उनके पक्ष में नहीं गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की सलामी जोड़ी और शीर्ष क्रम ने छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। हरियाणा ने निर्धारित 20 ओवरों में मात्र एक विकेट खोकर 174 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पूरी पारी के दौरान छत्तीसगढ़ के गेंदबाज विकेट के लिए तरसते नजर आए और हरियाणा के बल्लेबाजों ने रन गति को लगातार बनाए रखा। हरियाणा की ओर से त्रिवेणी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 60 गेंदों पर 95 रन बनाकर नाबाद रहीं और तनीषा ओहत्यान ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाए। 175 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम दबाव में बिखर गई। हरियाणा की सटीक और अनुशासित गेंदबाजी के सामने छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज खुलकर शॉट नहीं खेल सके। पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 139 रन ही बना सकी और लक्ष्य से 35 रन दूर रह गई।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान हासिल की उपलब्धि

चहल टी-20 क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अनुभवी लेग-स्पिनर युजवेंद्र चहल टी-20 क्रिकेट में 400 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए। उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 मैच के दौरान हासिल की। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए मौजूदा सीजन में हरियाणा के तीसरे मैच में चहल को बस एक और विकेट की जरूरत थी। मैच में उन्होंने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए, जिससे हरियाणा ने तमिलनाडु को 7 विकेट से हराया।



चहल का इकॉनमी रेट 7.77 रहा

रिपोर्ट के अनुसार, टी-20 प्रारूप में चहल ने 346 मैचों में 23.68 की बेहतरीन औसत से 402 विकेट लिए हैं। इस बीच उनकी इकॉनमी रेट 7.77 की रही है। उन्होंने अपने टी-20 करियर में 2 बार 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया। टी-20 क्रिकेट में चहल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/25 रहा है, जो उन्होंने भारत के लिए खेलते हुए हासिल किया था। चहल के बाद दूसरे सर्वाधिक विकेट वाले भारतीय गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (366) हैं।

मुश्ताक अली ट्रॉफी में ऐसा रहा प्रदर्शन

हरियाणा के लिए मुश्ताक अली ट्रॉफी के 71 मैचों में चहल ने 23.26 की औसत और 6.56 की इकॉनमी रेट से 68 विकेट लिए हैं। टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में चहल ने हरियाणा के लिए तीनों मैच खेले हैं और कुल 6 विकेट लिए हैं। पंजाब के खिलाफ हरियाणा के पहले मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन सौराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने 3 विकेट लिए थे। इसके बाद बुधवार को तमिलनाडु के खिलाफ भी उन्होंने 3 विकेट चटकाए।

आईपीएल में सबसे पहले चटकाए थे 200 विकेट

चहल ने टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए पहला मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ 2016 में खेला था। तब से उन्होंने भारतीय टीम के लिए 80 मैच खेले हैं, जिसमें 25.09 की औसत से 96 विकेट लिए हैं। वो एक बार पांच और दो बार मैच में चार विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (6/25) का है, जो उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लिया था। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2023 में खेला था।

शिकागो में राहुल ने बताई कांग्रेस की रणनीति, कही 5 बातें

जब तक सिस्टम टूटने का पता नहीं चलेगा हम लड़ेंगे, वोट चोरी का आरोप दोहराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे के दौरान न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में न्यूयॉर्क टाइम्स की कॉलमनिस्ट लिडिया पोलग्रीन के साथ खास बातचीत में भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था और विदेश नीति पर अपनी सोच रखी। राहुल ने कहा कि भारत में सत्ता और दौलत का केंद्रीकरण बढ़ा है, जिससे आम लोगों की आवाज कमजोर हुई है। छात्र आंदोलनों ने लोगों के मन से डर खत्म किया है और अब सभी लोग खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग भी दोहराई और दावा किया कि अब चुनाव आयोग के अंदर से भी उन्हें जानकारी मिल रही है। जब तक भारत के लोगों को सिस्टम पूरी तरह टूटने का पता नहीं चलेगा, हम लड़ते रहेंगे और मार झेलेंगे।

चुनाव बहिष्कार से किया इनकार



राहुल ने फिर 2024 के चुनावों में वोट चोरी का आरोप दोहराया और दावा किया कि फर्जी वोटरों का मामला सामने आया है। उन्होंने उदाहरण दिया कि ब्राजील की एक महिला, जो कभी भारत आई ही नहीं, उसने एक राज्य के चुनाव में 23 बार वोट डाला। राहुल ने कहा कि 2014 से ही उन्हें गड़बड़ी का शक था, लेकिन पुख्ता सबूत न होने और लोकतंत्र की मर्यादा के चलते शुरुआत में पार्टी के भीतर भी खुलकर बोलने में हिचक थी।

भारत रोजगार देने में नाकाम

राहुल ने सबसे ज्यादा जोर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था पर दिया। उन्होंने कहा कि भारत का मौजूदा आर्थिक मॉडल पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रहा है।

हार्वर्ड और कैंब्रिज की पढ़ाई के सिद्धांत भारत पर सीधे लागू नहीं

भारत में 2 विजन में लड़ाई है। उन्होंने माना कि हार्वर्ड और कैंब्रिज की पढ़ाई के सिद्धांत भारतीय राजनीति पर सीधे लागू नहीं होते।

भाजपा ने लोकतंत्र पर राहुल की टिप्पणी का मजाक उड़ाया

एआई इससे बेहतर काम कर सकता है, देश की गरिमा को धूमिल और शर्मसार कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने भारतीय चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और उन पर विदेशी धरती से 'भारत विरोधी दुष्प्रचार' करने तथा देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाजपा ने यह भी कहा कि कांग्रेस को अपने नेता का एआई से तैयार संस्करण विदेश भेजने पर विचार करना चाहिए क्योंकि वह बार-बार एक ही बातें दोहराते रहते हैं। कई भाजपा नेताओं ने उन पर विदेशी धरती पर देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि गांधी शिकागो में भारत के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। ये वही शहर है, जहां स्वामी विवेकानंद ने कभी देश का मान बढ़ाया था।

राहुल अपनी ही पार्टी को शर्मिंदा करने के लिए 'चार' दबाएं



त्रिवेदी ने कहा कि आज हमारे सामने विपक्ष का ऐसा नेता है जो भारत माता की प्रतिष्ठा को उसी स्थान पर धूमिल कर रहा है। यह कांग्रेस के लिए दुर्भाग्यपूर्ण और भारतीयों के लिए पीड़ादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को उन्हें विदेश भेजने पर पैसा खर्च करना बंद कर देना चाहिए। त्रिवेदी ने सुझाव दिया कि यदि एआई मॉडल में चार विकल्प डाल दिए जाएं तो वह गांधी से बेहतर काम कर सकता है। त्रिवेदी ने तंज कसते हुए कहा कि भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए 'एक' दबाएं, प्रधानमंत्री के खिलाफ कुछ कहने के लिए 'दो' दबाएं, लोकतंत्र पर हंगामा करने के लिए 'तीन' दबाएं और भारत विरोधी मुद्दा उठाकर अपनी ही पार्टी को शर्मिंदा करने के लिए 'चार' दबाएं।

विदेश में भारत के बारे में बेतुके गलत बयान दिएः रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी गांधी की विदेश यात्राओं के दौरान भारत के बारे में दिए गए बयानों की आलोचना की और उन्हें तथ्यात्मक रूप से गलत करार दिया। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था कहा है।

खबर संक्षेप

खट्टर आज पीएम स्वनिधि सम्मान पुरस्कार देंगे

नई दिल्ली। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय का शहरी विकास विभाग शुक्रवार को नई दिल्ली



स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में स्वनिधि सम्मान पुरस्कार 2026 का आयोजन करेगा। ये पुरस्कार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल प्रदान करेंगे। राज्य मंत्री तोखन साहू विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

बीजापुर में सड़क निर्माण भ्रष्टाचार, 13 निलंबित

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि बीजापुर में बिना सड़क बने ही



19 करोड़ 17 लाख का भुगतान करने के मामले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 13 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। यह निर्माण कार्य और भुगतान राज्य में पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए।

सिद्धारमैया नही लड़ेंगे अगला विधानसभा चुनाव

मैसुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने गुरुवार को कहा कि वे 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं



लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने अपनी उम्र का हवाला दिया। वह अपने समर्थकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं की इस मांग पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि उन्हें विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

शिंदे के हेलिकॉप्टर में अचानक आई खराबी

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का हेलिकॉप्टर पंढरपुर से मुंबई के लिए निकलते



समय अचानक खराब हो गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक हेलिकॉप्टर की बैटरी में दिक्कत के कारण वो उड़ान नहीं भर सका। इसके बाद एकनाथ शिंदे अब पुणे के रास्ते से मुंबई आ रहे हैं।

एक घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक में ईरान व यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा हुई

दुनियाभर के मुद्दों पर तीन महाशक्तियों अमेरिका, रूस व चीन ने किया मंथन

एटमी हथियारों पर प्रतिबंध, जंग खत्म कर होर्मुज की आवाजाही 'बहाल' करनी होगी



जिनपिंग ने ट्रंप को दिया सहारा

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय बैठक खत्म हो चुकी है। एक घंटे से ज्यादा समय तक चली इस बैठक में परमाणु हथियारों और ईरान, यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा हुई। चीन-अमेरिका-रूस ने न्यूक्लियर बातचीत करने और इसके दुनिया के अन्य देशों में जाने से रोकने का वादा किया। होर्मुज स्ट्रेट से तेल की आवाजाही जारी रखने में भी तीनों देश सहमत दिखे। चीन और रूस का कहना है कि अमेरिका के साथ मिलकर वे संयुक्त राष्ट्र सुधारों, ईंधन आपूर्ति बढ़ाने और परमाणु खतरों को कम करने के लिए वार्ता पर सहमत हैं। ट्रंप ने कहा कि परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। तीनों देशों के नेताओं ने दुनिया की मौजूदा स्थिति पर बात की और दुनिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने का भरोसा दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य होने के नाते, चीन, रूस और अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार करने का वादा किया है। इसका मकसद यह है कि संयुक्त राष्ट्र दुनिया की मौजूदा चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सके।

चीन-अमेरिका-रूस ने न्यूक्लियर बातचीत करने और इसके दुनिया के अन्य देशों में जाने से रोकने का वादा किया

परमाणु युद्ध में किसी की भी जीत नहीं हो सकती और इसे कभी नहीं लड़ा जाना चाहिए



डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन चर्चा करते हुए

यूक्रेन के अलावा ईरान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की भी इन मुद्दों में हिस्सेदारी पर अनुपस्थिति पर सवाल

परमाणु हथियारों को छोड़ना किसी भी देश के लिए आसान नहीं

त्रिपक्षीय बैठक से पहले ट्रंप ने शी जिनपिंग के साथ अलग से मुलाकात की

ट्रंप ने आईसीसी को लेकर भी उठाया मुद्दा

त्रिपक्षीय बैठक की शुरुआत में ट्रंप ने एक और मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि तीनों देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जैसे संगठनों से अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा करने के तरीकों पर भी बात करेंगे। इस बैठक को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि सिर्फ तीन बड़े देशों के नेताओं का एक साथ बैठना अपने आप में किसी समझौते की गारंटी नहीं है।

घोषणा पत्रः 3 देश 4 प्रमुख मुद्दों पर सहमत

1. संयुक्त राष्ट्र में सुधार
   - अमेरिका, रूस और चीन संयुक्त राष्ट्र में सुधार की दिशा में काम करेंगे, ताकि यूएन वैश्विक चुनौतियों से ज्यादा प्रभावी ढंग से निपट सके और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के अपने मूल उद्देश्य को पूरा कर सके।
2. ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाने पर सहमति
   - तीनों देश रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने की योजना बनाएंगे। साथ ही, दुनिया के सभी देशों के हित में ऊर्जा की स्थिर आपूर्ति बनाए रखने के महत्व पर सहमति जताई।
3. आईसीसी के अधिकार क्षेत्र पर सहमति
   - तीनों नेताओं ने कहा कि देशों की सहमति के सिद्धांत और सरकारी अधिकारियों को मिलने वाली कानूनी छूट का सम्मान जरूरी है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट और ऐसी अन्य संस्थाएं अपने अधिकार क्षेत्र का गलत इस्तेमाल न करें।
4. परमाणु हथियारों पर बातचीत
   - तीनों देशों ने दोहराया कि परमाणु युद्ध न तो जीता जा सकता है और न ही कभी लड़ा जाना चाहिए।

सोनिया ने माशेल के योगदान को सराहा

इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार से नवाजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित जवाहर भवन में इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने मोजाम्बिक की प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री ग्रासा माशेल के लंबे सामाजिक और मानवीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा, समानता और शांति के मूल्यों का सशक्त उदाहरण है। ये वही आदर्श हैं, जिन्हें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में सर्वोच्च महत्व दिया था।



ग्रासा माशेल पुरस्कार ग्रहण करती हुईं

मोजाम्बिक के स्वतंत्रता आंदोलन से वैश्विक सामाजिक अभियान तक का सफर

ग्रासा के जीवन और संघर्ष का उल्लेख करते हुए सोनियाने कहा कि 1945 में ग्रामीण मोजाम्बिक में जन्मीं ग्रासा माशेल 1973 में देश लौटीं और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े संगठन फ्रेलिमो में शामिल होकर स्वतंत्रता सेनानी,शिक्षिका के रूप में काम किया। 1975 में मोजाम्बिक की आजादी के बाद देश की पहली शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री बनीं।

युद्ध में बच्चों की पीड़ा को वैश्विक मंच पर उठाया

सोनिया गांधी ने कहा कि ग्रासा माशेल का मानवीय सरोकार मोजाम्बिक तक सीमित नहीं रहा। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र के लिए तैयार उनकी ऐतिहासिक रिपोर्ट 'द इम्पैक्ट ऑफ आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट ऑन चिल्ड्रेन' ने सशस्त्र संघर्षों के दौरान बच्चों पर पड़ने वाले विनाशकारी प्रभावों को दुनिया के सामने रखा। इस रिपोर्ट ने संयुक्त राष्ट्र और उसके सदस्य देशों को युद्ध प्रभावित बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति अपनी नीतियों और दृष्टिकोण में बदलाव करने के लिए प्रेरित किया। आज भी मानवीय सहायता अभियानों में इस रिपोर्ट के निष्कर्ष महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में देखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रासा माशेल का काम हमें याद दिलाता है कि शांति का अर्थ केवल युद्ध या संघर्ष का समाप्त होना नहीं है। वास्तविक शांति तभी स्थापित होती है, जब प्रभावित समुदायों को अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का अवसर मिले। इंदिरा गांधी के विचारों से मेल खाते हैं ग्रासा माशेल के आदर्श सोनिया गांधी ने इंदिरा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की केंद्रीय भूमिका थी। इंदिरा गांधी का मानना था कि स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब उससे सामाजिक और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हो तथा राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके लोगों में निहित हो। उन्होंने इंदिरा गांधी के कथन, 'शांति, स्वतंत्रता और प्रगति की तरह अविभाज्य है', का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विचार इस पुरस्कार की मूल भावना को स्पष्ट करता है।

दवाओं से जुड़े नियमों में होगा बदलाव

कुछ उत्पादों को मिलेगी राहत इसे 3 श्रेणियों में बांटा जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने उनके निर्माण से जुड़े नियम बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। पर एक समान नियम ठीक नहीं हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की 3 श्रेणियों के लिए नियमों में कुछ राहत देने का प्रस्ताव रखा है। इनमें मेडिकल गैसें, खाली जिलेटिन कैप्सूल और कीटाणुनाशक तरल पदार्थ शामिल हैं। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब दिसंबर 2023 में दवाओं के निर्माण से जुड़े गुणवत्ता मानकों में बदलाव किए गए थे। इन



नए नियमों पर संबंधित उद्योगों ने कुछ चिंताएं जताई थी। इन श्रेणियों के उत्पादों को पहले लागू शेड्यूल-एम के कुछ प्रावधानों से मिली छूट जारी रखने की बात कही गई है। शेड्यूल-एम दवाओं के निर्माण में गुणवत्ता, साफ-सफाई, उत्पादन प्रक्रिया और सुरक्षा से जुड़े मानकों को निर्धारित करता है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मोइली का दावा

कांग्रेस नेताओं ने मोदी के खिलाफ हो रही जांच को रुकवाया था

कांग्रेस में बदलाव चाहती थीं सोनिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली ने दावा किया कि यूपीए सरकार के दौरान कांग्रेस के ही कुछ नेताओं ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चल रही जांच रुकवा दी थी। मंगलवार को बेंगलुरु में सोनिया गांधी की आत्मकथा के विमोचन कार्यक्रम में मोइली ने कहा कि यह फैसला तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह का नहीं था। सोनिया गांधी के अध्यक्ष रहते पार्टी में प्रस्तावित सुधार लागू हो जाते तो मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। सोनिया गांधी संगठन में बड़े बदलाव चाहती थीं और इसके लिए मोइली की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी। समिति की सिफारिशें लागू करने की तैयारी भी थी, लेकिन कुछ नेताओं ने सुधारों का विरोध किया।



अब बार-बार नहीं बनवाना होगा वाहनों का पीयूसी

बीएस-6 गाड़ियों के बदले नियम

6 साल तक पुरानी निजी गाड़ियों के लिए प्रमाण पत्र 3 साल तक रहेगा वैध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन चालकों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) को लेकर सरकार ने बदलाव किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पीयूसी सर्टिफिकेट की वैधता अवधि में संशोधन किया है। अब नई बीएस-6 निजी गाड़ियों के मालिकों को हर 6 महीने या साल में पीयूसीबनवाने की जरूरत नहीं है। 6 साल तक पुरानी निजी गाड़ियों के लिए प्रमाणपत्र 3 साल तक वैध रहेगा।पुराने वाहनों के लिए पहले की तरह नियम लागू रहेंगे।



यह बदलाव किया

- 6 साल से ज्यादा और 10 साल तक पुरानी गाड़ियों के लिए हर साल प्रमाणपत्र का नवीनीकरण कराना होगा।
- 10 साल से ज्यादा पुरानी बीएस-6 निजी गाड़ियों के लिए हर 6महीने में पीयूसी सर्टिफिकेट बनवाना होगा।

कमर्शियल वाहनों के लिए नवीनीकरण

सरकार ने बीएस-6 मानक वाले परिवहन वाहनों के लिए भी पीयूसी प्रमाणपत्र की वैधता अवधि बढ़ाई है। हालांकि, यहां निजी वाहनों से अलग समयसीमा रखी गई है। इन वाहनों के लिए भी उनकी उम्र के आधार पर नवीनीकरण की अवधि तय की गई है।

मौसम विभाग ने कहा- अब तूफान अकवन ने बदली दिशा, ओडिशा की ओर बढ़ा

110 किमी रफ्तार से बढ़ने की संभावना

1.20 लाख लोगों को हटाया, 41 ट्रेन रद्द और 29 का समय बदला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गंभीर चक्रवाती तूफान 'अकवन' शुक्रवार दोपहर को पुरी और गोपालपुर के बीच ओडिशा तट से टकरा सकता है। इसके मद्देनजर राज्य में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 1.20 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में 300 से अधिक बचाव दल तैनात किए गए हैं। ओडिशा सरकार ने संभावित प्रभावित जिलों में 9,299 चक्रवात आश्रय स्थल स्थापित किए हैं। पिछले 24 घंटों में तूफान ने अपनी दिशा बदली है। पहले इसके आंध्र प्रदेश में टकराने का अनुमान था। गुरुवार को ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 41 ट्रेनें रद कीं और 29 को पुनर्निर्धारित किया।



आज ओडिशा और आंध्र तट से टकराने की संभावना

इसके उत्तर और उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और शुक्रवार दोपहर तक नरसापुर और पुरी के बीच, गोपालपुर के निकट, उत्तरी आंध्र प्रदेश, यनम और दक्षिणी ओडिशा के तटों को पार करने की संभावना है। इस दौरान हवा की अधिकतम गति झोंकों के साथ 110 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। विभाग ने तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और ओडिशा के क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। ओडिशा में खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने राहत की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अब तक करीब 72 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया है।

कश्मीर में जन्मे आतंकियों की मौजूदगी खत्म होने का दावाः शाह

आतंकवाद के खिलाफ देशभर में बनेगी एक समान रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को और प्रभावी बनाने के लिए देशभर की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा एक समान रणनीति अपनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी व्यवस्था विकसित कर रही है, जिसके तहत कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक आतंकवाद से निपटने की एक समान रणनीति देश के प्रत्येक पुलिस थाने के स्तर तक लागू होगी। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केवल किसी एक आतंकी घटना की जांच पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना जरूरी है।

गृहमंत्री ने कहा- 36 देशों से 303 भगोड़ों की हुई वापसी

शाह ने कहा कि आतंकवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी समस्याओं को जड़ से खत्म करने विदेशों में शरण लेने वाले अपराधियों और सरगनाओं को भारत लाना जरूरी है। 2019 से अब तक 36 देशों से 303 भगोड़ों को वापस



भारत लाया गया है। इसमें सीबीआई, गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियों ने अहम भूमिका निभाई है। अपराधियों को अदालतों के सामने लाना सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

11 राज्यों में एक साथ कार्रवाई से ध्वस्त हुआ पीएफआई नेटवर्क

गृह मंत्री ने कहा कि देश में आतंकवाद और कट्टरपंथी नेटवर्क के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के अच्छे परिणाम मिले हैं। उन्होंने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ सितंबर 2022 में हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि एक ही रात में 11 राज्यों की पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाकर इस नेटवर्क की रीढ़ तोड़ दी। यह कार्रवाई दुनिया के लिए भी एक केस स्टडी है। उन्होंने बताया कि शहजाद भट्टी नेटवर्क को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। देशभर में इस नेटवर्क के 40 से अधिक मॉड्यूल नष्ट किए गए हैं। इसके खिलाफ 100 से अधिक मामले दर्ज हुए और 271 से ज्यादा गिरफ्तारियां की गई हैं।

एनआईए की 16 नए शाखाओं को मंजूरी

शाह ने कहा कि आतंकवाद से निपटने एनआईए की कानूनी शक्तियों के साथ उसकी संस्थागत क्षमता भी बढ़ाई गई है। एजेंसी के 16 नए शाखा कार्यालयों और 2 जोनल कार्यालयों को मंजूरी दी गई है। देश में 70 नए एनआईए विशेष न्यायालय स्थापित किए गए हैं। एनआईए को विदेश में रह रहे भारतीयों के हितों की रक्षा से जुड़े मामलों की जांच का अधिकार भी दिया गया है। मल्टी एजेंसी सेंटर का दायरा बढ़ाकर उसमें साइबर सुरक्षा, नार्को-टेररिज्म, संगठित अपराध नेटवर्क और उभरते कट्टरपंथी हॉटस्पॉट को शामिल किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in